केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
16 वर्षों से निरंतर....
Website:- www.malwaherald.com
RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com


महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*एक अच्छा रिश्ता इस बात पर निर्भर नहीं करता कि हमारे बीच कितनी अच्छी समझ है बल्कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम गलतफहमियों से कितने बेहतर तरीके से बचते हैं*

वर्ष : 16 अंक : 274 | उज्जैन, मंगलवार 17 मार्च 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

# कृषक कल्याण वर्ष में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और कृषक कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारने का करें कार्य : मुख्यमंत्री

### विधानसभावार कृषि सम्मेलन के लिए कृषि विभाग देगा 5 लाख रुपए



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में विभिन्न विभाग मिलकर कृषि विकास और कृषक कल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सभी उपायों पर क्रियान्वयन तेज किया जाएगा। कृषक कल्याण वर्ष का लाभ किसानों के परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मध्यप्रदेश, देश का इकलौता राज्य है, जो 5 रुपए में किसानों को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करवा रहा है। ये किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में कृषक कल्याण वर्ष में सक्रिय सहभागिता जुटाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए कृषि अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री द्वय श्री जगदीश देवड़ा और श्री राजेन्द्र शुक्ल सहित किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पवार सहित मंत्रीगण, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि, एफपीओ के पदाधिकारी एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे सभागार मध्यप्रदेश के पुराने विधानसभा भवन का पवित्र स्थान है। इस स्थान पर कृषक कल्याण योजनाओं पर केन्द्रित कार्यशाला राज्य सरकार के कृषि क्षेत्र को दी जा रही प्राथमिकता का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कार्यक्रम के लिए आयोजकों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन और पशुपालन की व्यापक संभावनाएं हैं।उन्हें साकार करने के प्रयास सफल हो रहे हैं। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले डेढ़ साल में प्रदेश का दूध कलेक्शन 25 प्रतिशत बढ़ा है। अब प्रदेश में प्रतिदिन 12.50 लाख लीटर दूध कलेक्शन किया जा रहा है। दूध का मूल्य भी 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ा है। इससे दुग्ध उत्पादकों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और क्षेत्र में नरवई प्रबंधन के लिए राज्य सरकार ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसे की मशीन उपलब्ध करवा रही है। राज्य सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क दूध वितरण के लिए माता यशोदा योजना शुरू करने की पहल की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। टूरिज्म डिपार्टमेंट ने होम स्टे की योजना शुरू की है। होम स्टे संचालकों के लिए 20 लाख रुपये तक की आय जीएसटी से मुक्त रखी गई है। लघु-कुटीर उद्योग के क्षेत्र में शहद उत्पादन से किसान लाभ कमा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यशाला में लगभग सभी प्रमुख विभाग शामिल हुए हैं। राज्य की आबादी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा इन 16 विभागों के अंतर्गत आ जाता है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 100 लाख हैक्टेयर करने के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कृषि यंत्रों की दुकानें खुलेंगी, जिनसे लघु कृषकों को खेती के लिए किराये पर यंत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे। विधायक अपने क्षेत्र में 4 से 5 कृषि सम्मेलन करें, इसके लिए कृषि विभाग ने प्रति विधानसभा क्षेत्र 5 लाख रुपए आवंटित करने का निर्णय किया है। इन प्रयासों से कृषि कल्याण के लिए सकारात्मक वातावरण बनेगा। किसान सौर बिजली उत्पादन की सभी योजनाओं का लाभ उठाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### तकनीकी खराबी के चलते गिरा प्रवेश द्वार पर लगा बूम बैरियर, संसद परिसर में अचानक सुरक्षा सायरन बजने से मचा हड़कंप



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** तेज हवाओं के कारण हुई एक तकनीकी खराबी से सोमवार को संसद के प्रवेश द्वार पर लगा बैरियर अपने आप नीचे गिर गया, जिससे सुरक्षा अलार्म बज उठा। आवाज सुनकर तुरंत त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) को मौके पर भेजा गया। संसद भवन परिसर की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। स्थिति में कोई सुरक्षा खतरा नहीं पाया गया। विजय चौक के पास स्थित गेट से वाहनों की आवाजाही कुछ समय बाद सामान्य रूप से बहाल हो गई।सूत्रों के अनुसार, बूम बैरियर तेज हवा के कारण तकनीकी खराबी के कारण अपने आप नीचे आ गया। हालांकि, इस बात की भी विस्तृत जांच की गई कि बूम बैरियर कहीं उस समय परिसर में प्रवेश कर रही कार के प्रवेश स्टिकर को पढ़ने में असमर्थता के कारण तो नीचे नहीं गिरा था। इस समस्या के तकनीकी खराबी के कारण होने की पुष्टि के बाद क्यूआरटी को वापस भेज दिया गया। इस दौरान सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। दिसंबर 2023 में हुई सुरक्षा चूक के बाद मई 2024 में संसद भवन की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ को तैनात किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत इस अर्धसैनिक बल ने परिसर की सुरक्षा के लिए लगभग 3,300 कर्मियों को तैनात किया है। सीआईएसएफ दल में दमकलकर्मी और आपदा राहत दल भी शामिल हैं।

### होर्मुज पर अलग-थलग पड़े ट्रंपः जहाजों की तैनाती पर भारत का जवाब; चीन-ब्रिटेन समेत इन देशों ने भी किया किनारा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के नाम पर चीन और सहयोगी देशों से मदद की अपील की, लेकिन वह इस मुद्दे पर अलग-थलग पड़ते दिख रहे हैं। इसकी वजह यह है कि आस्ट्रेलिया और जापान ने नौसैनिक मदद मुहैया कराने से मना कर दिया है तो अन्य सहयोगी देशों ने भी कोई प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। ब्रिटेन ने कहा कि वह ईरान युद्ध में नहीं पड़ेगा। इधर, ट्रंप ने यह चेतावनी दी है कि अगर सहयोगियों ने मदद नहीं की तो नाटो को भविष्य में संकट का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में दो सप्ताह से ज्यादा समय से जारी युद्ध के कारण तेल की कीमतें बढ़ गई हैं, क्योंकि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य सुरक्षा के लिए मदद मांगी वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। एपी के अनुसार, ट्रंप ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटने के दौरान एयरफोर्स वन में रविवार को पत्रकारों से कहा कि उन्होंने सात देशों से युद्धपोत भेजने की मांग की है, ताकि होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखा जा सके। उन्होंने कहा, %मैं इन देशों से मांग करता हूं कि वे आगे आएं और अपने क्षेत्र की सुरक्षा करें, क्योंकि यह उनका ही क्षेत्र है। बहरहाल ईरान युद्ध के बीच तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद उनकी अपील पर किसी देश ने कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं जताई है। हालांकि ट्रंप ने उन देशों का नाम बताने से इनकार कर दिया, जो पश्चिम एशिया के कच्चे तेल पर काफी हद तक निर्भर हैं और जिनसे ट्रंप प्रशासन इस जलमार्ग की सुरक्षा के लिए एक गठबंधन बनाने को लेकर वार्ता कर रहा है। उन्होंने केवल इतना कहा कि चीन लगभग 90 प्रतिशत तेल इसी क्षेत्र से पाता है, जबकि अमेरिका को बहुत कम मात्रा में मिलता है। इससे पहले उन्होंने एक इंटरनेट मीडिया पोस्ट कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अन्य देश इसमें शामिल होंगे।न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, ट्रंप ने उन देशों पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है, जिनसे उन्होंने होर्मुज में युद्धपोत भेजने की अपील की है। उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स को दिए गए एक इंटरव्यू में कहा, अगर कोई जवाब नहीं आता है या नकारात्मक जवाब आता है तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा।

# 36 साल ली थी 500 रुपये की रिश्वत, अब जाकर कोर्ट ने घटाई पूर्व कांस्टेबल की सजा; पूरा मामला



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट ने 36 साल पुराने रिश्वत के मामले में उत्तराखंड के एक 75 वर्षीय पूर्व आबकारी कांस्टेबल की दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। हालांकि, उनकी उम्र और मामले की लंबी अवधि को देखते हुए कोर्ट ने जेल की सजा में कटौती की है।

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने यह आदेश दिया। लंबी कानूनी लड़ाई और सजा में बदलाव यह मामला 19 जून, 1990 का है, जब ऊधम सिंह नगर में आरोपित को 500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था।

ट्रायल कोर्ट ने सुनाई थी कठोर सजा- 2006 में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। 2012 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने इस फैसले को बरकरार रखा, जिसके खिलाफ आरोपित ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारा विचार है कि ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई और हाईकोर्ट द्वारा बरकरार रखी गई सजा को उक्त अपराध के लिए न्यूनतम सजा तक संशोधित किया जा सकता है। कोर्ट ने पाया कि दोषी पहले ही दो महीने से अधिक समय जेल में बिता चुका है और अब उनकी उम्र 75 वर्ष हो चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने जेल की सजा घटाई- कोर्ट का फैसला और वर्तमान स्थिति सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जेल की अवधि को दो साल से घटाकर एक साल कर दिया है। 2013 से जमानत पर बाहर चल रहे पूर्व कांस्टेबल को अब शेष सजा काटनी होगी।

पीठ ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट के दोषसिद्धि के फैसले में कोई त्रुटि नहीं थी, लेकिन मानवीय आधार पर सजा में रियायत दी गई है। यह मामला न्याय प्रणाली में लगने वाले लंबे समय और छोटे भ्रष्टाचार मामलों के भविष्य पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी है।

## सैटेलाइट से निगरानी, 4237 करोड़ का बजट... पराली जलाने के खिलाफ सरकार ने कसी कमर



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा को बताया कि सरकार ने पराली जलाने पर अंकुश लगाने के लिए कई उपाय किए हैं। कीर्ति वर्धन ने प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ने 2018-19 से 2025-26 (10.03.2026 तक) के दौरान 4,237.47 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा ने 2025 में धान की कटाई के मौसम के दौरान आग की घटनाओं में 2022 की तुलना में 90 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की है।

निगरानी उपग्रह रिमोट सेंसिंग का उपयोग- मंत्री ने कहा, पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी उपग्रह रिमोट सेंसिंग का उपयोग करके की जाती है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने 2018-19 में पराली प्रबंधन पर केंद्रीय योजना शुरू की ताकि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आवश्यक मशीनरी पर सब्सिडी दी जा सके। योजना के तहत किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

# खरगे ने सरकार को घेरा; नड्डा ने कांग्रेस पर जमाखोरी का लगाया आरोप



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पश्चिम एशिया में महायुद्ध के बीच भारत में एलपीजी संकट के मुद्दे पर सोमवार को संसद फिर गर्मा गई। राज्य सभा में शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार पर जानकारी होते हुए भी लापरवाही बरतने और सिलिंडर की कालाबाजारी रोकने में विफलता का आरोप लगाया। इसको लेकर सरकार और विपक्ष में तीखी तकरार हो गई।

सरकार की ओर से नेता सदन जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता सिलिंडर की जमाखोरी कर रहे हैं और जनता को उकसाकर देश में अराजकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

मल्लिकार्जुन खरगे का आरोप - राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया के हालात के कारण देश में एलपीजी संकट है। पूरे देश में हाहाकार मचा है। इसका असर गरीब, कमजोर और मध्यम वर्ग के साथ ही होटल और रेस्टोरेंट पर भी पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारत अपना कुल एलपीजी का 60 प्रतिशत आयात करता है। इसमें से भी 90 प्रतिशत की आपूर्ति होर्मुज के रास्ते से होती है। इसके कारण आपूर्ति और कीमतों की अस्थिरता गंभीर चिंता का विषय बन गया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी द्वारा लोकसभा में किए गए एलपीजी की कमी न होने के दावे को जमीन हकीकत से परे बताते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब सरकार ईरान में भारतीयों को एडवाइजरी कर रही थी कि स्थिति बिगड़ सकती है, तब उसे स्पष्ट करना चाहिए था कि इसका असर क्रिटिकल मैरिटाइम रूट और एनर्जी सप्लाई पर भी पड़ सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार को पता था कि एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हो सकती है तो वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की?

कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए कोई कड़ा कदम क्यों नहीं उठाया? इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने आपत्ति जता दावा करते हुए यह कहा कि पहले कहा गया कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी इस विषय पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने एलपीजी संकट की बजाए इधर-उधर की बातें कीं। पेट्रोलियम मंत्री ने जवाब दिया तो कांग्रेस ने सुना नहीं और अब यहां मुद्दा उठा रहे हैं।

जेपी नड्डा ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि दुखद है कि कांग्रेस विपत्तिकाल में भी राजनीति करने से पीछे नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के चलते यह संकट आया है, जिस पर पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने सदन में पूरी बात कही, लेकिन विपक्ष ने इसे सुना नहीं।

नड्डा ने क्या कहा- नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का नेता सिलिंडर की जमाखोरी में पकड़ा गया है और जनता को उकसा रहे हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी परिस्थिति में यह देश के साथ खड़ा होने की बजाए अराजकता लाने का प्रयास करते हैं।

## चुनाव आयोग के खिलाफ TMC का राज्यसभा से वॉकआउट



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव सहित शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को हटाए जाने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की नाराजगी संसद में भी दिखी।

पहले से ही एसआइआर को लेकर चुनाव आयोग के विरुद्ध सड़क से संसद तक प्रदर्शन कर रही टीएमसी के सांसदों ने इस कार्रवाई के बाद सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही से दिनभर के लिए वॉकआउट कर दिया।

टीएमसी और कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं पर हमले का आरोप- हालांकि, सरकार की ओर से इसे अनुचित बताते हुए टीएमसी और कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं पर हमेशा हमले किए जाने का आरोप लगाया गया। राज्यसभा में शून्यकाल शुरू होते हुए टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन खड़े हुए और तीन सेकंड में अपनी बात पूरी करने की अनुमति मांगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने रात में पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और गृह सचिव को हटा दिया है। आयोग के पास बहुत शक्ति है। टीएमसी सदन का समय बर्बाद करने की बजाए दिनभर के लिए राज्यसभा से बर्हिगमन करती है। इतना कहते ही टीएमसी सदस्य जाने लगे।

## जल जीवन मिशन पर 1.51 लाख करोड़ खर्च करेगी सरकार



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे जल जीवन मिशन को विस्तार देने के साथ ही केंद्र सरकार ने देश भर में अधूरी पड़ी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नई योजना पर काम शुरू कर दिया है।

राज्यों को जारी किया जाएगा पैसा - इसके तहत सभी राज्यों के साथ ही अधूरी परियोजनाओं को पूरा कराने और परियोजना में शामिल गांवों के सभी घरों तक पानी की पहुंच को सुनिश्चित कराने के लिए केंद्र अब एक एमओयू करेगा। इसके बाद ही राज्यों को इसके लिए पैसा जारी किया जाएगा। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सोमवार को राज्यसभा में जल जीवन मिशन से जुड़े एक सवाल के जवाब में बताया कि मिशन के तहत राज्यों को अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने पर ही शेष राशि जारी की जाएगी। इस दौरान राज्यों के साथ एक एमओयू भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के साथ एमओयू को लेकर बातचीत चल रही है। अगले एक-दो दिनों में एमओयू हो जाएगा। उन्होंने मिशन को केंद्र सरकार ने अब 2028 तक विस्तार दे दिया है। इसके तहत 1.51 लाख करोड़ की राशि मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि अबतक देश भर से जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों से जुड़ी करीब 18 हजार शिकायतें मिली है। इनमें से बड़ी संख्या में शिकायतों पर कार्रवाई की गई है।

राजस्थान में भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायत पर एक पूर्व मंत्री को भी जेल जाना पड़ा है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से पूछ गए मिशन से जुड़े भ्रष्टाचार के सवाल पर केंद्रीय मंत्री पाटिल ने कहा कि गांव के सरपंच और गांव के प्रबुद्ध लोगों के सत्यापित करने और गांव में 15 दिन पानी की नियमित सप्लाई को देखते के बाद ही पैसे का भुगतान किया जाएगा।

# लोकसभा के 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन होगा रद, सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** लोकसभा में पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन वापस लेने पर पक्ष-विपक्ष के बीच सहमति बन गई है। दोनों पक्षों के बीच बनी इस सहमति के बाद मंगलवार को सदन में प्रस्ताव लाकर विपक्षी सांसदों का निलंबन खत्म किया जाएगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सोमवार को सभी दलों के नेताओं संग हुई बैठक में इस मुद्दे को लेकर पक्ष-विपक्ष में चल रही तनातनी का हल निकालने के लिए निलंबन खत्म करने पर यह सहमति बनी।

आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन वापस लेने पर सहमति- मालूम हो कि बजट सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को नहीं बोलने देने के खिलाफ वेल में आकर भारी विरोध प्रदर्शन करने के चलते सात कांग्रेस सांसदों समेत आठ विपक्षी सदस्यों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। विपक्षी आईएनडीआइए गठबंधन सांसदों के निलंबन को सदन में विपक्ष की आवाज बंद करने का प्रयास बताते हुए इसका लगातार विरोध कर रहे थे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को शून्यकाल में भी विपक्षी सदस्यों के निलंबन को गलत बताते हुए उनका निलंबन खत्म करने की मांग उठाई थी। स्पीकर ने इसे सदन का फैसला बताते हुए वेणुगोपाल को इस मामले पर आगे बोलने की इजाजत नहीं दी। हालांकि शाम साढ़े चार बजे स्पीकर बिरला ने इस पर चर्चा के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई।

# डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को जन्मस्थली स्मारक महू में होगा विशाल समागम

## जयंती उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं की मेहमानों की तरह की जाएगी आवभगत



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती उत्सव समारोह पूर्ण उत्साह, उमंग और आस्था के साथ इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में मनाई जाएगी। इस दिन डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली स्मारक पर बाबा साहब अम्बेडकर जी को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जयंती उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं कि मेहमानों की तरह राज्य शासन द्वारा आवभगत की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, शीतल पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की जाएगी। जन्म स्थली पर बने भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा की जाएगी। फूलों और विद्युत रोशनी से सजावट होगी।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज डॉ. अंबेडकर नगर (महू) पहुंच कर जयंती उत्सव में की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अंतिम रूप दिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने आयोजन की व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जन्म स्थली पर बने स्मारक का अवलोकन भी किया और वहां की जाने वाली व्यवस्थाओं को भी देखा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रुपेश द्विवेदी, एसडीएम महू श्री राकेश परमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाए।

बताया गया की जयंती उत्सव में 14 अप्रैल 2026 को प्रभात फेरी अम्बेडकर संस्थान द्वारा निकाली जायेगी जो महू के क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। आगामी 13 अप्रैल 2026 को रात्रि में अम्बेडकर जन्मस्थली पर संस्थान द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा।

अम्बेडकर जयंती उत्सव समारोह में अन्य प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालु आयेंगे। श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला 12 अप्रैल की शाम से शुरू हो जाएगा। श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था स्वर्ग मंदिर परिसर में की जायेगी। यह व्यवस्था 12 अप्रैल की शाम से प्रारंभ हो जायेगी। उक्त भोजन व्यवस्था 14 अप्रैल की शाम तक जारी रहेगी। भंतो के भोजन की व्यवस्था माहेश्वरी स्कूल में की जाएगी तथा उनके रूकने की व्यवस्था भी माहेश्वरी स्कूल में रहेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पर्याप्त संख्या में अस्थाई शौचालयों का निर्माण भी किया जाएगा। श्रद्धालुओं की पेयजल व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थानों पर प्याउ का निर्माण किया जायेगा।

अम्बेडकर जयंती के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के रूकने हेतु धर्मशालाओं, केन्ट बोर्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं केन्ट बोर्ड कन्या स्कूल में श्रद्धालुओं को रूकने की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा तीन विशाल डोम भी ठहरने के लिए बनाए जाएंगे।

कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु कार्यक्रम स्थलों को सात सेक्टर में विभाजित किया गया है। यह सेक्टर महेश्वरी स्कूल महू, डॉ.अम्बेडकर जन्म स्थली, केन्ट प्रायमरी स्कूल, स्वर्ग मंदिर परिसर, रेल्वे स्टेशन से सात रास्ता, केन्ट बोर्ड कन्या विद्यालय तथा उत्कृष्ट विद्यालय महू में बनाये जाएंगे। उक्त सात सेक्टरो में दल का गठन कर सभी विभागों के व्यक्तियों की ड्यूटी लगाई जायेगी। उक्त सात सेक्टरों पर मराठी भाषी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जायेगी, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु तीन स्थानों पर कन्ट्रोल रूम बनाए जाएंगे। यह कंट्रोल रूम तहसील परिसर महू, अम्बेडकर जन्म स्थली स्मारक तथा स्वर्ग मंदिर परिसर में रहेंगे।

महू में समारोह के दौरान 6 स्थान पर आकस्मिक चिकित्सा की विशेष व्यवस्था रहेगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकों का दल गठन कर ड्यूटी लगाई जायेगी। कार्यक्रम में साफ-सफाई हेतु इन्दौर नगर निगम एवं स्थानीय निकाय से सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाई जायेगी। समारोह के दौरान अग्निशमन की भी व्यवस्था रहेगी।

## राज्यस्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में इंदौर की कक्षा चौथी की छात्रा ने अर्जित किया द्वितीय स्थान



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन और जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम. एल. मारु के मार्गदर्शन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग इंदौर ने जिले में शासकीय विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन जनवरी 2026 को आयोजित किया गया था। पोस्टर प्रतियोगिता की श्रेष्ठ प्रविष्टि राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु भोपाल प्रेषित की गई थी। कुमारी रानी चौधरी, कक्षा चौथी, शासकीय प्राथमिक विद्यालय 19, नयाबसेरा, गांधीनगर इंदौर ने राज्यस्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अर्जित करने पर 15 मार्च 2026, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर खाद्य मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में 4000 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। नया बसेरा प्राथमिक विद्यालय की कक्षा 4थी कि बालिका कुमारी रानी चौधरी की इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सभी संबंधितों को बधाई दी है।

## आकाशवाणी इंदौर में 17 मार्च को आयोजित होगा लोकरंग उत्सव

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर आकाशवाणी विक्रम उत्सव 2026 के उल्लास में और वीर भारत न्यास के संयोग में लोकरंग उत्सव प्रस्तुत कर रहा है। यह लोकरंग उत?सव आकाशवाणी केन्द्र इंदौर द्वारा 17 मार्च शाम 7.30 बजे से मालवा हाउस, रेसीडेंसी एरिया में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री संस्कृति सलाहाकार म.प्र. निदेशक श्री श्रीराम तिवारी तथा श्री राजेश सिंह कुशवाह रहेंगे। आकाशवाणी केन्द्र इंदौर के कार्यक्रम प्रमुख श्री राजेश पाठक ने बताया कि इस लोकरंग उत्सव में हरिहरेश्वर पोद्दार द्वारा मालवी लोकगीत एवं नृत्य, सुश्री पूर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा निमाड़ी लोकगीत एवं नृत्य, श्री रामप्रसाद अहिरवार द्वारा बुन्देलखण्ड लोकगीत एवं नृत्य तथा बलिराम धुर्वे द्वारा गोंड़ी गीत-नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे।

## सोशल मीडिया के जरिए अवैध हथियारों की तस्करी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस थाना द्वारकापुरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 अवैध देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस कमिश्नर इंदौर संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार शहर में अवैध हथियारों की तस्करी में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-4 दिशेष अग्रवाल तथा सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारकापुरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 16 मार्च 2026 को सूर्यदेव नगर के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर घबराया हुआ प्रतीत हुआ। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और उसके बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 6 अवैध देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर हथियारों को जब्त कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम और इंस्टाग्राम के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क करता था। वह चैट के जरिए हथियारों की डील तय कर ग्राहकों तक अवैध हथियार पहुंचाता था। आरोपी ने इस अवैध कारोबार के लिए प्रदेश में अपना नेटवर्क भी तैयार कर रखा था। पुलिस अब उससे हथियारों के स्रोत और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजवीर सिंह सिकलीकर (21 वर्ष) निवासी ग्राम ओझर, जिला बड़वानी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से बरामद 6 देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है।

## भागीरथपुरा क्षेत्र का आयुक्त क्षितिज सिंघल ने किया निरीक्षण



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सोमवार सुबह 7 बजे भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा कर जल आपूर्ति व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

आयुक्त सिंघल सबसे पहले भागीरथपुरा स्थित पानी की टंकी परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने क्षेत्र में गठित बीट टीमों के साथ बैठक कर वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बीटवार जल वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से पूछा कि किन-किन क्षेत्रों में जल आपूर्ति की जा रही है और वहां नागरिकों को नियमित एवं स्वच्छ पानी मिल रहा है या नहीं। बीट स्तर पर आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए आयुक्त ने उनके त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। इसके बाद आयुक्त ने भागीरथपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्थानीय रहवासियों से सीधे संवाद कर जल आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने नागरिकों से पूछा कि उन्हें पानी नियमित रूप से मिल रहा है या नहीं, कितनी मात्रा में पानी मिल रहा है और किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है। इस पर स्थानीय नागरिकों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है और जल आपूर्ति से वे संतुष्ट हैं। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सिंघल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष क्षेत्रों में जल आपूर्ति से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए।

## एमजीएम इंदौर में नवीन अत्याधुनिक चिकित्सालय भवन क्षेत्र की चिकित्सा सेवाओं को करेगा सुदृढ़ : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में एमजीएम मेडिकल कॉलेज इन्दौर में प्रस्तावित नवीन आधुनिक चिकित्सालय भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा कर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आवश्यक निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी दिशा में चिकित्सा अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इन्दौर में प्रस्तावित नवीन आधुनिक चिकित्सालय भवन के निर्माण से बिस्तरों की संख्या में वृद्धि होगी, साथ ही विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी विभागों, अत्याधुनिक आईसीयू, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, आधुनिक रेडियोलॉजी एवं प्रयोगशाला सुविधाओं के माध्यम से मरीजों को बेहतर एवं त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रस्तावित अत्याधुनिक आकस्मिक चिकित्सा विभाग इन्दौर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा सिद्ध होगा। साथ ही चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, अध्ययन क्षेत्र तथा प्रशिक्षण विधाओं का भी विकास किया जा रहा है। परिसर में आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण, समुचित पार्किंग व्यवस्था, आधुनिक लॉन्ड्री, सीएसएसडी, सेंट्रल लैब, ब्लड बैंक तथा सीवरेज और ईफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट जैसी आधारभूत सुविधाओं के विकास से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं अधोसंरचना विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर, सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में आयुक्त स्वास्थ्य श्री धनराजू एस, एमडी बीडीसी श्री सिबी चक्रवर्ती सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि नवीन चिकित्सालय भवन को भवन विकास नियमन एवं मानदण्डों के अनुसार उच्च-भवन के रूप में सभी आवश्यक बिल्डिंग सर्विसेस के साथ विकसित किया जाएगा। इसमें कुल लगभग 1450 बिस्तरों की व्यवस्था प्रस्तावित है, जिसमें मेडिसिन, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, पीडियाट्रिक्स, मातृत्व एवं शिशु, नेत्र, त्वचा, ईएनटी तथा इमरजेंसी मेडिसिन जैसे विभिन्न विभाग शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त 200 बिस्तरीय आईसीयू यूनिट, 16 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, 2 इमरजेंसी ऑपरेशन थियेटर, आधुनिक रेडियोलॉजी विभाग, सेंट्रल लैब एवं ब्लड बैंक जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित भवन, वर्तमान सुपर स्पेशियलिटी भवन एवं निर्माणाधीन कैंसर चिकित्सालय के मध्य निर्मित किया जाएगा, जिससे सभी चिकित्सा सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। साथ ही 210 बिस्तरीय अत्याधुनिक आकस्मिक चिकित्सा विभाग भी स्थापित किया जाएगा, जो इन्दौर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के रोगियों के लिए और अधिक सुविधाजनक होगा। परियोजना अंतर्गत नर्सिंग महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 550 बिस्तरीय नवीन छात्रावास, 250 सीट क्षमता का मिनी ऑडिटोरियम, विभिन्न संकायों के अध्ययन क्षेत्र, प्रयोगशालाएँ तथा प्राध्यापकों के कक्ष भी विकसित किए जाएंगे। परिसर में आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, आधुनिक लॉन्ड्री, सीएसएसडी, स्टोर तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं ईफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है।

## समय-सीमा और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की कलेक्टर ने की समीक्षा

### लंबित मामलों का समय पर निराकरण नहीं होने पर कार्रवाई के दिए निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन से जुड़े प्रकरणों और समय-सीमा के पत्रों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आमजन से जुड़े सभी मामलों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रिंकेश वैश्य, श्री रोशन राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि लंबित प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित 5 मामलों को रेंडम रूप से लेकर उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। जांच के दौरान लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित और शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आगामी ब्लॉक स्तरीय शिविरों में सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारियों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी विभागों को अपने शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। इसके अलावा हाल ही में प्रारंभ किए गए विशेष राजस्व अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

उन्होंने निर्देशित किया कि विगत 28 फरवरी तक लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से किया जाए। यदि निर्धारित अवधि में प्रकरणों का निराकरण नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य को भी इस माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने इंदौर में बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सुगम यातायात के लिए इंदौर ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई, 15 दिनों में 1578 नो-पार्किंग वाहनों पर चालान



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार विशेष पेट्रोलिंग और कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत 1 से 15 मार्च के बीच नो-पार्किंग में खड़े 1578 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस की इस पहल से शहर के कई क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम हुई है, जिसकी जिम्मेदार नागरिकों द्वारा सराहना भी की जा रही है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह और पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शहर के चारों यातायात जोन में विशेष पेट्रोलिंग टीमें लगातार सक्रिय हैं। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्त मार्गों, प्रमुख बाजारों और यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में अवैध और अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण कर यातायात को सुगम बनाना है।

पेट्रोलिंग टीमों ने वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर यातायात की स्थिति का निरीक्षण किया और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध व्हील लॉक लगाकर वैधानिक कार्रवाई की। साथ ही हजारों वाहनों को अनाउंसमेंट के माध्यम से हटवाया गया।

यातायात जोन-1 में कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड, बड़ा गणपति से गौराकुंड, इमली बाजार, अंतिम चौराहा तथा मरीमाता से बाणगंगा तक कार्रवाई की गई। जोन-2 में मालवा मिल से पाटनीपुरा, भमोरी, परदेशीपुरा से एलआईजी, रसोमा, मेदांता रोड और विजयनगर क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया। जोन-3 में रेलवे स्टेशन, जेल रोड, एमटीएच, आरएनटी मार्ग, एमजी रोड, व्हाइट चर्च से मधुमिलन, जंजीरवाला और घंटाघर से गीताभवन तक कार्रवाई की गई। वहीं जोन-4 में सपना संगीता, टॉवर चौराहा से खातीवाला टैंक, ट्रांसपोर्ट नगर, चोइथराम चौराहा, सिंधी कॉलोनी, राजवाड़ा, जवाहर मार्ग, खजूरी बाजार, सराफा क्षेत्र और भंवरकुआ से भोलाराम उस्ताद मार्ग तक पेट्रोलिंग की गई।

## ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट पर एडीबी विशेषज्ञों के साथ कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (TOD) कार्यक्रम के संबंध में एशियन विकास बैंक के विशेषज्ञों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंदौर को TOD कार्यक्रम के अंतर्गत पायलट सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े सहित अन्य अधिकारी और एडीबी के विशेषज्ञ मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट कार्यक्रम के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन के आसपास सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही आवासीय, व्यावसायिक एवं सार्वजनिक सुविधाओं का समन्वित विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ञ्रह्रष्ठ से जुड़े कार्यों के लिए समन्वय बनाकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक में बताया गया कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत इंदौर को पायलट सिटी के रूप में चयनित किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एशियन विकास बैंक द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिसके लिए आर्थिक मामलों के विभाग, भारत सरकार के साथ समझौता भी किया गया है।

बैठक में एडीबी की तकनीकी टीम ने नगर निगम, नगर एवं ग्राम निवेश, मेट्रो, इंदौर विकास प्राधिकरण तथा अन्य संबंधित विभागों के नामित प्रतिनिधियों के साथ TOD की अवधारणा, इसके क्रियान्वयन की संभावनाओं तथा मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन के आसपास सुनियोजित विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

## इंदौर में ई-रिक्शा संचालन होगा व्यवस्थित, चार सेक्टर में चलेंगे ई-रिक्शा, कलर कोड से होगी पहचान



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा ई-रिक्शा संचालन को लेकर नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत अब शहर में ई-रिक्शाओं का संचालन चार अलग-अलग सेक्टर में किया जाएगा और प्रत्येक सेक्टर के ई-रिक्शाओं की पहचान उनके निर्धारित रंग से होगी।

इस संबंध में 16 मार्च को डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय पलासिया में पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। बैठक में यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य शरद नाईक, बैटरी ई-रिक्शा संघ के अध्यक्ष राजेश बिडकर, ई-रिक्शा प्रतिनिधि तथा मीडिया के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शहर में ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित और नियंत्रित करने के लिए शहर को के चार जोन के आधार पर चार सेक्टर में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक जोन के ई-रिक्शाओं की पहचान के लिए उनकी छत (हूड) का रंग अलग-अलग निर्धारित किया गया है। जोन-1 के ई-रिक्शा नीले, जोन-2 के पीले, जोन-3 के लाल और जोन-4 के ई-रिक्शा सफेद रंग के होंगे, जिससे उनकी पहचान आसानी से की जा सकेगी।

ई-रिक्शाओं को सेक्टर का आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति के पास एक से अधिक ई-रिक्शा हैं तो उन्हें अलग-अलग जोन में आवंटित किया जाएगा, ताकि किसी एक क्षेत्र में अत्यधिक दबाव न बने।

# गैस की किल्लत व बढ़ी कीमतों के विरोध में कांग्रेस का गांधी चौराहा से घंटाघर तक जोरदार प्रदर्शन



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में पिछले कई दिनों से घरेलू गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत, केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में वृद्धि तथा कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने के विरोध में शहर ब्लॉक कांग्रेस व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर के नेतृत्व में सोमवार को गांधी चौराहा पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने सांकेतिक रूप से चूल्हे पर चाय बनाकर आम जनता की परेशानी को दर्शाया। वहीं नाली में पाइप डालकर गैस निकालने का सांकेतिक प्रदर्शन भी किया गया, जिसके माध्यम से सरकार की नीतियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इसके बाद सभी कांग्रेसजन गांधी चौराहा से घंटाघर तक पैदल मार्च करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते रहे।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज आम आदमी महंगाई से परेशान है। रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं और दूसरी ओर गैस सिलेंडरों की किल्लत से जनता त्रस्त है। सरकार को तुरंत गैस की कीमतों में की गई वृद्धि वापस लेना चाहिए और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक विपिन जैन ने कहा कि आज हालात ऐसे बन गए हैं कि आम परिवार को रसोई चलाना मुश्किल हो गया है। गैस सिलेंडर महंगे होने से गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूट रही है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज उठाती रही है और यदि सरकार ने जल्द ही गैस की कीमतें कम नहीं की और आपूर्ति सुचारु नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी और बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी । इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत ने किया वहीं आभार ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा ने माना। इस विरोध प्रदर्शन मे सहभागिता करने वालो सर्वश्री सोमिल नाहटा, मनजीत सिंह टुटेजा, कांतिलाल राठौर, आसिफ छिपा, राजनारायण लाड़, साबिर इलेक्ट्रीशियन, सुनील बसेर, सुनील गुप्ता,वहीद जैदी, जितेंद्र सोपरा, विश्वास दुबे, राजेश फरक्या, प्रमोद भावलकर, विजय सिंह सिसोदिया, अभिषेक, मनोहर नाहटा, दीपक सिंह गुर्जर, दिलीप देवड़ा, संजय नाहर, प्रवीण मांगरिया,रमेश सिंगार, कैलाश मनवानी, महिला नेत्रियों में राखी सत्रावाला, रूपल संचेती, सुनीता बंडी, अनीता भदोरिया, नम्रता सत्रावाला,कुम कुम सिसोदिया, योगिता बैरागी साथ ही इस दौरान विश्वनाथ सोनी, अजय मारू, अजय सोनी, नितेश सतीदासानी,वकार खान, नितनेस बसेर, दिनेश नाई, हिम्मत पोखरना, राजेश खींची, महेश गुप्ता,अक्षय सेठिया, संजय बारोट,अमित छाबड़ा, सादिक गौरी, मनोहर गुर्जर, गोपाल बंजारा, गगन माली, विशाल गुर्जर, जीवन पाटीदार, प्रीतम पंचोली, आमीन खान, राकेश सेन, दुर्गेश चंदेल महेंद्रपुरी गोस्वामी, शैलेंद्र मारोठिया, कन्हैयालाल कुमावत, भेरूलाल कुमावत, मो.फारुख कुरैशी, शैलेश माली आदि इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पार्षद सुनील बंसल ने उठाया मुद्दा : बजट को लेकर नपा में हलचल नहीं, आमजनों की बैठक बुलाकर बिंदु तय हो



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वार्षिक बजट पेश करने का समय चल रहा है लेकिन 500 करोड़ की बजट के अभी तक कोई तैयारी नगर पालिका ने नहीं की है। यह आरोप लगाते हुए समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल ने एक वक्तव्य में कहा कि नगर पालिका का बजट का प्रावधान है मध्य प्रदेश की अनेक नगर पालिकाओं के बजट पारित हो चुके हैं उनको पारित हुए बहुत समय हो गया परंतु मंदसौर नगर पालिका के बजट के लिए प्राथमिक तौर पर कोई हलचल न नगर पालिका अधिकारियों में दिखाई दे रही है ना ही कर्मचारी इस कार्य में संलग्न दिख रहे हैं।

श्री बंसल ने कहा कि सर्वप्रथम बजट का कच्चा एजेंडा तैयार कर पी आई सी में प्रस्तुत किया जाता है। फिर परिषद के लिए भेजा जाता है देखने में आया है की पी आई सी की मीटिंग भी अभी बजट को लेकर कॉल नहीं हुई है। इस मीटिंग के लिए 3 दिन पहले सूचना देना अनिवार्य है अगर हम आज से भी मान लें तो तीन दिन तो यह बैठक के बाद उसको लिखना और परिषद के लिए भेजना लगभग 12 दिन का प्रोसेस है देखने में आज 16 तारीख हो चुकी है और 31 मार्च तक बजट पेश करना अनिवार्य है ऐसा लगता है कि नगर पालिका बिना कारण के पूरी परिषद को गुमराह कर कर रही है। बंसल ने कहा कि अगर सही माईने में नगरपालिका को बजट पेश करना है तो एक बड़ी मीटिंग मंदसौर शहर के समस्त जनप्रतिनिधियों की राजनीतिक सामाजिक दलों की मिलकर बुलाए बजट में हमें क्या प्रावधान करना चाहिए जिससे मंदसौर का समुचित विकास तेजी से हो सके परंतु ऐसी कोई इच्छा शक्ति इस नगर पालिका परिषद मंदसौर के अधिकारियों कर्मचारियों व नेताओं में नहीं दिख रही है। वही घिसा पिटा ढर्रा है। पंडित बसंतीलाल गजा महाराज परिसर से आज गांधी धर्मशाला और नगर पालिका कॉलोनी से आय यही तीन बड़े-बड़े मुद्दे उसमें जो पिछले 15 सालों से नगर पालिका ला रही है। इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। बंसल ने नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर सांसद सुधीर गुप्ता से मांग की है कि बजट की मीटिंग के लिए एक बड़ी बैठक बुलाई जाए ताकि मंदसौर शहर के विकास के मुद्दों को जोड़ा जा सके और आंकड़ों का खेल नहीं एक वास्तविक बजट जनता के सामने पेश हो पाए। पार्किंग व्यवस्था ,बच्चों के मनोरंजन हेतु समस्त झूले बगीचों में झूले चकरी बच्चों की ट्रेन गरीबों के लिए हॉकर जोन नगर पालिका में जो पद रिक्त है उनके लिए परिषद से प्रस्ताव का शासन को भेजना नए पिकनिक स्पॉट का चयन करना शहर से जुड़े अनेक मुद्दों को लेकर इस पर विचार होना चाहिए।

## भीषण गर्मी में प्यासों को मिलेगी राहतः बड़े अस्पताल में प्रथम जल मंदिर का शुभारंभ



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही आमजन की सुविधा और सेवा के संकल्प को दोहराते हुए पंछी बचाओ अभियान द्वारा जनसेवा की दिशा में एक और सार्थक कदम उठाया गया है। सोमवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जच्चा-बच्चा वार्ड के बाहर प्रथम जल मंदिर (प्याऊ) का भव्य शुभारंभ किया गया।

अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके साथ आए परिजनों को ठंडे और स्वच्छ पेयजल के लिए भटकना न पड़े, इसी उद्देश्य के साथ इस पुनीत कार्य की शुरुआत की गई है। विशेष रूप से जच्चा-बच्चा वार्ड के बाहर इसकी स्थापना होने से प्रसूताओं के परिजनों को काफी सुविधा होगी। अभियान के संस्थापक राकेश भाटी ने बताया कि ÷नर सेवा ही नारायण सेवा है। भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म है। पंछी बचाओ अभियान का यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।÷ संस्था के सदस्यों ने जानकारी दी कि यह जल मंदिर सभी के सहयोग और जनसेवा की भावना से स्थापित किया गया है। सोमवार शाम 4 बजे आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में अभियान से जुड़े सदस्यों और चिकित्सालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस पुनीत अवसर पर पंछी बचाओ अभियान के अध्यक्ष अनिल कियावत, संरक्षक विनय दुबेला, संस्थापक राकेश भाटी, नगर उपाध्यक्ष नेहा संचेती, संगठन मंत्री ओम कुमावत, विधायक प्रतिनिधि कमलेश जैन, देवेंद्र राव, फरदीन शाह, दिनेश पंवार, अमन चौहान, राजेश चौधरी, हरीश सहित कई सेवाभावी सदस्य उपस्थित थे। संस्था ने संकल्प लिया है कि शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी इसी तरह के जल मंदिर स्थापित किए जाएंगे।

# कलेक्टर ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी, कहा- मैंने स्वयं ने वैक्सीन लगवाई है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर अदिति गर्ग ने सोमवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय से एचपीवी वैक्सीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर लोगों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करेगा।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि उन्होंने स्वयं एचपीवी वैक्सीन लगवाई है और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। यह एक सुरक्षित और प्रभावी टीका है, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम में न आएं और अपनी बेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं।

कलेक्टर ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में ÷एचपीवी टीका मित्र÷ भी बनाए गए हैं, जो नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं हैं। ये टीका मित्र गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर उन्हें इस वैक्सीन के प्रति जागरूक करेंगी। उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है, ताकि अधिक से अधिक बच्चियां इसका लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि जिले में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। इसके लिए जिले में 10 वैक्सीनेशन केंद्र बनाए गए हैं, जहां नियमित रूप से टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीका लगने के बाद केवल हल्का दर्द हो सकता है, जो अन्य टीकों की तरह सामान्य है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, नर्सिंग कॉलेज का स्टाफ तथा एचपीवी टीका मित्र आदि उपस्थित थे।

# पीएचई की अनुमति के बाद ही करें पानी सप्लाई, खराब पानी सप्लाई करने की स्थिति में होगी एफआईआर



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी निजी पानी सप्लायर अब पीएचई विभाग की अनुमति के पश्चात ही पानी की सप्लाई कर सकेंगे। बिना अनुमति के किसी भी प्रकार की पानी सप्लाई नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि पानी सप्लाई करने से पहले पानी की गुणवत्ता, सत्यापन तथा अन्य आवश्यक मानकों की जांच कराना अनिवार्य होगा। खराब पानी सप्लाई करने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। सभी एसडीएम को पानी सप्लायर के साथ बैठक कर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल को देखते हुए पेयजल व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों एवं जनपद सीईओ को पेयजल आपूर्ति की पूर्व योजना बनाकर नियमित समीक्षा करने को कहा। सभी सीएमओ को नई बसाहटों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नए पानी कनेक्शन के आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कॉलोनीवार जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी स्थानों पर पर्याप्त कनेक्शन उपलब्ध हों। साथ ही गर्मी के दौरान टैंकर व्यवस्था, पेयजल परिवहन, जल टंकियों एवं जल स्त्रोतों की नियमित सफाई भी सुनिश्चित की जाए। जल स्त्रोतों की जीआईएस मैपिंग करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा। इसके लिए सभी उपार्जन केंद्रों पर बारदान की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा बारदान आने पर सभी ब्लॉकों में समान रूप से वितरण किया जाए। साथ ही उपार्जन केंद्रों की सूची भेजकर उनका सत्यापन करने को कहा गया। स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी नगर पालिका, नगर परिषद एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियां निरंतर चलती रहें। प्रत्येक ब्लॉक में 4 से 5 गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाए, जहां घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था सक्रिय रूप से संचालित हो। ठोस कचरा प्रबंधन के लिए प्रोसेसिंग क्लस्टर भी विकसित किए जाएं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विभागवार शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करने और विशेष रूप से पेयजल से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीरन में संत सामाजिक समरसता यात्रा का भव्य स्वागत, जातिवाद मिटाने और एकजुटता का दिया संदेश



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जीरन में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा आयोजित ‘संत सामाजिक समरसता यात्रा’ का सोमवार को जीरन नगर में आगमन हुआ। दोपहर 3ः00 बजे जैसे ही यात्रा बड़ा गणपति मंदिर पहुंची, पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

यात्रा में पधारे पूज्य संतों, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के वरिष्ठ पदाधिकारियों का समस्त हिंदू समाज और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों—बड़ा गणपति मंदिर, बस स्टैंड, सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक और प्रतापगढ़ दरवाजा होते हुए यात्रा बाल्हा हनुमान मंदिर पहुंची। इस दौरान रास्ते भर ग्रामीणों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर संतों और भगवान श्री राम जी के चित्र का पूजन व अभिनंदन किया।

बस स्टैंड पर आयोजित एक प्रभावी नुक्कड़ सभा में संतों ने समाज को नई दिशा देने वाले उद्बोधन दिए। आसन दरियानाथ सिद्ध पीठ संत लाल नाथ जी योगी ने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि समाज की उन्नति तभी संभव है जब हम जातिवाद के भेदभाव को पूरी तरह मिटा दें। उन्होंने सभी समाजजनों से संगठित और एकजुट होकर रहने का आह्वान किया।

भागवताचार्य संत गोविंद जी उपाध्याय ने गौ संरक्षण का मुद्दा उठाते हुए पूरे भारत में गौ-तस्करी और गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। साथ ही, उन्होंने नगरवासियों से जातिगत संकीर्णता से ऊपर उठकर ‘हिंदू एकता’ का परिचय देने की अपील की। इस अवसर पर श्री गोपाल जी सोनी इटारसी क्षेत्र सामाजिक समरसता प्रमुख श्री शिवप्रसाद जी शर्मा देवास प्रांत सह सामाजिक समरसता प्रमुख श्री अनुपाल सिंह जी झाला विभाग मंत्री विश्व हिंदू परिषद बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने समरसता और एकता का संकल्प लिया। कार्यक्रम की जानकारी दीपक बांसखेड़ीया द्वारा दी गई वह आभार व्यक्त भरत जी प्रजापत द्वारा किया गया।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन टिम की सिंगोली में कार्यवाही आकस्मिक निरीक्षण कर लिये 9 नमूने



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन मप्र एवं कलेक्टर महोदय एवं अपर कलेक्टर महोदय नीमच के निर्देश पर एवं डॉ दिनेश प्रसाद, अभिहित अधिकारी नीमच के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन टिम द्वारा सिंगोली स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत किया गया ।

विवरण निम्न है आदिनाथ ट्रेडर्स सिंगोली जिला नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हेतु भंडारीत खाद्य पदार्थ इंडाना घी, हरियाणा घी, भोग विनायक घी, श्रीपाल घी के कुल 4 नमूने जांच हेतु लिए गए।एवं नीमच रोड़ सिंगोली स्थित शिव शक्ति मार्ट किराना बाजार का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हेतु भंडारीत खाद्य पदार्थ मधु घी, मसूर दाल, चना दाल, चवला, हरामुंग के कुल 5 नमूने जांच हेतु लिए गए।

लिए गए समस्त नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ईदगाह इस भोपाल जांच हेतु भेजें।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी ।

खाद्य प्रतिष्ठानों के आकस्मिक निरीक्षण की कार्रवाई सतत जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई राजू सोलंकी एवं यशवंत कुमार शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा की गई।

# तिवारी (पप्पू गौतम) बने गुजर गौड ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रात्रि को श्री गुजर गौड ब्राह्मण समाज मंदिर पर हुई मीटिंग में सभी समाज जनों द्वारा सर्व सहमति से नगर के समाज सेवी मिलनसार शंभू लाल तिवारी (पप्पू गौतम) को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया गुर्जर गोड महासभा राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश जोशी ने बताया कि बीते काफी वर्षो से समाज में अध्यक्ष निर्विरोध ही निर्वाचित किए जाते रहे हैं साथ ही कार्यकारिणी के लिए कोषाध्यक्ष हेतु रवि जी बिल्लू एवं सचिव पद हेतु श्री नंदकिशोर जी द्विवेदी एवं गोतमालय भवन प्रभारी के लिए श्री दिनेश कुमार जी शर्मा ठेकेदार को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार 17 मार्च को रंग तेरस का कार्यक्रम सभी समाजजन सामूहिक रूप से घर-घर जाकर होली का पर्व मनाएंगे इसी के साथ आगामी 19 मार्च को गौतम जयंती पर्व धूमधाम से मनाया जाने के लिए प्रातः प्रभात फेरी पश्चात श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर हवन पूजन का कार्यक्रम के पश्चात श्री चारभुजा नाथ मंदिर से श्री महर्षि गौतम की सवारी पूरे नगर में भ्रमण कर ने के पश्चात गोतमालय भवन परिसर में समाज की शिक्षा एवं अन्य क्षेत्र में विभूतियो को पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम के पश्चात सभी समाज जन का सामूहिक भोज एवं एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई है देने का कार्य किया जाता रहा है बैठक में श्री चारभुजा नाथ मंदिर व गौतमालय भवन पर विकास कार्य व सुंदरता बढ़ाने के लिए सभी विषयों पर चर्चा हुई।

वार्षिक बैठक में सभी गुजर गौड ब्राह्मण समाज वरिष्ठ जन व नव युवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## अग्रोहा भवन में सेवा का महाकुंभ ! दुखी मन से आए दिव्यांग मुस्कुराते हुए लौटे, सैकड़ों को मिले कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानीय अग्रोहा भवन में अग्रवाल विकास समिति नीमच एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में विशाल कृत्रिम अंग एवं दिव्यांग उपकरण वितरण सहायता शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में दिव्यांगजन लाभ लेने पहुंचे। कई लोग घसीटते हुए या परिजनों के सहारे यहां पहुंचे, लेकिन कृत्रिम अंग और उपकरण मिलने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

समिति के अध्यक्ष गोपाल गर्ग और सचिव सुनील सिंघल ने बताया कि 14 से 16 मार्च तक चल रहे इस शिविर में अब तक 51 कृत्रिम पैर, 50 कैलिपर्स और 15 कृत्रिम हाथ लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा 80 ट्राइसाइकिल, 55 व्हीलचेयर, 200 श्रवण यंत्र, 35 वॉकर और 75 छड़ियां भी जरूरतमंद दिव्यांगों को निःशुल्क वितरित की गई हैं।

शिविर में अग्रवाल समाज के कई सदस्य दिनभर सेवा कार्य में लगे हुए हैं। अब तक कुल 700 लाभार्थियों का पंजीयन हो चुका है, जिनमें से दूसरे दिन लगभग 360 दिव्यांगजन लाभान्वित हुए।

साथ ही रेड क्रॉस सोसायटी और जिला चिकित्सालय की टीम ने मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर लाभार्थियों को बड़ी राहत दी, जिससे उन्हें भविष्य में आने वाली परेशानियों से बचाव मिलेगा।

यह शिविर सेवा और संवेदना का ऐसा उदाहरण बन रहा है, जहां लोग दुखी मन से आते हैं और सहारा पाकर मुस्कुराते हुए वापस लौटते हैं।

## किलेश्वर महादेव मंदिर में होंगे चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के विशेष आयोजन

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच के श्री किलेश्वर महादेव मंदिर समिति की कार्यकारिणी की बैठक रविवार 15 मार्च 2026 को सीताराम गोयल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से चैत्र नवरात्रि, रामनवमी और हनुमान जयंती के धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि चैत्र नवरात्रि की घट स्थापना 19 मार्च 2026, गुरुवार को प्रातः 7 बजे मंदिर प्रांगण में विधि-विधान के साथ की जाएगी। नवरात्रि नवमी के अवसर पर 27 मार्च, शुक्रवार को प्रातः 7 बजे हवन किया जाएगा तथा इसी दिन श्रद्धालुओं के लिए कन्या भोज का आयोजन भी रखा गया है। इसके साथ ही रामनवमी पर्व 27 मार्च को राम दरबार के अभिषेक के साथ मनाया जाएगा, जिसका शुभ मुहूर्त दोपहर 12ः15 बजे निर्धारित किया गया है। रामनवमी की संध्या को मंदिर परिसर में रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि हनुमान जयंती 2 अप्रैल 2026, गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर भी रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से इन धार्मिक आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है। यह जानकारी समिति के सचिव श्री राजेंद्र गर्ग द्वारा दी गई।

## सम्पादकीय

# संघर्ष और अस्थिरता के दौर में भरोसे का केंद्र बनता भारत

मध्य पूर्व में भड़का संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करने वाला संकट बन गया है। अमेरिका-ईरान तनाव, इज़राइल से जुड़ी घटनाएँ और होर्मुज जलडमरूमध्य की अस्थिरता ने व्यापार व ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा बढ़ाया है। ऐसे समय में भारत ने संतुलित और दूरदर्शी विदेश नीति का परिचय दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स जैसे मंच को सक्रिय कर सदस्य देशों के बीच संवाद को बढ़ावा दिया। भारत ने स्पष्ट किया कि युद्ध नहीं, बल्कि शांति, कूटनीति और सामूहिक प्रयास ही वैश्विक स्थिरता का आधार हैं। इसी कारण इस संकट में भारत एक जिम्मेदार और संतुलित शक्ति के रूप में उभरा है।

ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालते ही मोदी सरकार ने संगठन में नई ऊर्जा भरने का प्रयास किया। सहयोग, नवाचार और स्थिरता के माध्यम से लचीले भविष्य का निर्माण की सोच के साथ भारत ने ब्रिक्स को केवल आर्थिक मंच नहीं, बल्कि वैश्विक समस्याओं के समाधान का माध्यम बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। इस नीति का केंद्र विकासशील देशों की आवाज को विश्व राजनीति में उचित स्थान दिलाना रहा। भारत ने यह भी दिखाया कि जी20 की कूटनीतिक सफलता को ब्रिक्स में भी आगे बढ़ाया जा सकता है। मतभेदों के बावजूद भारत ने संवाद जारी रखा और संगठन में विभाजन को कम करने का प्रयास किया, हालाँकि पूर्ण सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण रहा। यह नेतृत्व भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

संकट की घड़ी में भारत की कूटनीति का प्रमुख पहलू यह रहा कि उसने सभी ब्रिक्स देशों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास किया। बारह मार्च की वर्चुअल बैठक में भारत ने सदस्य देशों के बीच खुले और रचनात्मक संवाद को प्रोत्साहित किया। शेरपा तंत्र के माध्यम से लगातार बातचीत जारी रही, ताकि मतभेदों के बीच भी सहमति का मार्ग निकल सके। भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट था–किसी पक्ष का समर्थन करने के बजाय शांति और स्थिरता के लिए सामूहिक प्रयास हों। इस पहल ने ब्रिक्स को केवल औपचारिक संगठन नहीं, बल्कि एक सक्रिय वैश्विक मंच के रूप में उभारने में मदद की और यह भारत की स्वतंत्र, संतुलित विदेश नीति का प्रमाण भी है।

बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यक्तिगत स्तर पर भी सक्रिय कूटनीति का परिचय दिया। उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान से टेलीफोन पर बातचीत कर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। वार्ता में नागरिकों की सुरक्षा, बुनियादी ढांचे की रक्षा और संघर्ष को फैलने से रोकने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। भारत ने स्पष्ट किया कि संवाद और कूटनीति ही स्थायी समाधान का मार्ग है। साथ ही अमेरिका और इज़राइल जैसे देशों के साथ संबंधों का संतुलन भी बनाए रखा गया। यह बहुआयामी कूटनीति भारत की रणनीतिक परिपक्वता को दर्शाती है, जिसमें राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता तीनों को समान महत्व दिया गया है।

ब्रिक्स के भीतर स्थिति इसलिए भी जटिल थी क्योंकि कई सदस्य देश सीधे मध्य पूर्व की राजनीति से जुड़े हैं। ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के अपने क्षेत्रीय हित हैं, जिनसे मतभेद स्वाभाविक हैं। इसके बावजूद भारत ने संयम और धैर्य के साथ संवाद को आगे बढ़ाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि भारत लगातार सदस्य देशों के संपर्क में है और सहमति का मार्ग तलाश रहा है और कुछ सदस्यों के सीधे शामिल होने से सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण है। भारत ने चीन और रूस जैसे प्रमुख देशों के साथ भी समन्वय बनाए रखा। इन प्रयासों ने ब्रिक्स की विश्वसनीयता को मजबूत किया और यह संदेश दिया कि विकासशील देशों का यह समूह वैश्विक मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भी मोदी सरकार ने अत्यंत दूरदर्शी कदम उठाए। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास स्थिति संवेदनशील हो गई थी, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका थी। भारत ने कूटनीतिक माध्यमों से अपने तेल टैंकरों और ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय प्रयास किए। इसके साथ ही सरकार ने वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, घरेलू गैस आपूर्ति और दीर्घकालिक ऊर्जा समझौतों पर भी ध्यान दिया।

इन कदमों का परिणाम यह रहा कि वैश्विक संकट के बावजूद भारत में ऊर्जा आपूर्ति काफी हद तक स्थिर बनी रही, हालाँकि वैश्विक कीमतों में वृद्धि का असर पड़ा। यह दिखाता है कि भारत की विदेश नीति केवल कूटनीतिक बयान तक सीमित नहीं है, बल्कि सीधे तौर पर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और जनता के हितों से जुड़ी हुई है। वैश्विक संतुलन और सहयोग को नई दिशा देने की सोच के साथ मोदी सरकार की विदेश नीति ने बहुपक्षीय साझेदारी को प्रमुख प्राथमिकता बनाया है। ब्रिक्स के माध्यम से भारत ने स्पष्ट किया कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। विकासशील देशों की आवाज को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सशक्त बनाने के लिए भारत निरंतर सक्रिय रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बार कहा है कि विश्व व्यवस्था को अधिक संतुलित और न्यायपूर्ण बनाना समय की मांग है।

# सहज योग में ध्यान साधना से प्रशस्त होता है ज्ञान मार्ग



आज ज्ञानमार्ग पर चलने की इच्छा मनुष्यों में निरंतर बढ़ रही है। आज असंख्य गुरु हैं जो आध्यात्मिक उत्थान के मार्ग पर चल रहे हैं। इनके अनुयायियों की संख्या भी दिन पर दिन बढ़ रही है। ऐसे ही दौर में सहज योग का विस्तार भी बहुत धीमी गति से पर निरंतर हो रहा है। सहज योग श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा विकसित ध्यान की एक सहज और निःशुल्क पद्धति है, जो आत्मसाक्षात्कार (कुंडलिनी जागरण) के माध्यम से व्यक्ति को सर्वव्यापी परमात्मा के दिव्य प्रेम शक्ति से जोड़ती है। आध्यात्म विकास की वह तीव्र प्यास है, जिसमें साधक बुद्धि, विवेक और शास्त्र अध्ययन के माध्यम से सत्य (ब्रह्म) को जानना चाहता है। इसका मुख्य लक्ष्य अज्ञानता को दूर कर आत्मा और परमात्मा की एकाकारिता को समझना और आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करना है। यह मार्ग दुष्कर्मों से वैराग्य, व शुद्ध आत्म-चिंतन और मनन के द्वारा संसार में रहते हुये सांसारिक मोह को छोड़ने की प्रेरणा देता है।

सहज योग ध्यान एकाग्रता और आंतरिक सजगता के द्वारा मन को शांत कर आत्म-साक्षात्कार और सत्य के ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करता है। हाथों और तालु भाग से जब चैतन्य प्रवाहित होता है तब हम इस जीवंत प्रक्रिया के साक्षी बनते हैं और आत्मसाक्षात्कार का आनंद उठाते हैं। हमें यह अनुभूति होती है कि सहज ध्यान केवल बैठने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर कार्य में निर्विचार सजगता है, जो मानसिक प्रतिबंधों को तोड़कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ने में सहायक बनता है।

ध्यान के माध्यम से मन का विचार प्रवाह कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान होता है।हममें सजगता आती है और निरंतर ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति को अपनी आदतों, प्रवृत्तियों और दोषों का ज्ञान होता है, जिससे वह स्वयं को सुधार पाता है। ध्यान का उद्देश्य केवल एकाग्रता नहीं, बल्कि आत्म-ज्ञान या आत्म-साक्षात्कार की प्राप्ति है।

ज्ञान मार्ग पर चलने के लिए, ध्यान के साथ-साथ हृदय में प्रेम, दया, करुणा और शुद्ध इच्छा का होना अत्यंत आवश्यक है, जो ईश्वर की याद को और अधिक गहरा बनाता है। ध्यान एक साधन है, और ज्ञान या मोक्ष लक्ष्य है। निरंतर प्रयास से ही व्यक्ति अपनी अज्ञानता से मुक्ति पाकर ज्ञान प्राप्त कर सकता है।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (भारतीय नववर्ष) : नव-आशा, नव-ऊर्जा और नव-संस्कृति का संदेश

हमारी सनातन,अद्भुत और सुंदर भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव और उल्लास का अवसर नहीं होते, बल्कि वे जीवन के गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेश भी अपने भीतर समेटे रहते हैं। प्रत्येक त्योहार हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने, हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों का सम्मान करने और आत्मिक उन्नति की प्रेरणा देता है। ऐसा ही एक पवित्र और महत्त्वपूर्ण पर्व है नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष), जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। इसे वर्ष प्रतिपदा भी कहा जाता है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में यह पर्व अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगादी या युगादि, कश्मीर में नवरेह, सिंधी समुदाय में चेटीचंड तथा मणिपुर में साजिबू चेइरा ओबा के रूप में इसे उल्लासपूर्वक मनाया जाता है।

वर्ष 2026 (संवत 2083) है 'रौद्र संवत्सर- इस साल यानी कि वर्ष 2026 में हिंदू नववर्ष अर्थात विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च, गुरुवार से होगी। गौरतलब है कि जिस दिन नववर्ष आरंभ होता है, उस दिन का स्वामी ग्रह पूरे वर्ष का राजा माना जाता है और इस बार नववर्ष गुरुवार को होने के कारण वर्ष का राजा देवगुरु बृहस्पति (गुरु) माने जाएंगे, जबकि मंत्री का पद मंगल ग्रह के पास रहेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार राजा गुरु होने से धार्मिक गतिविधियों और ज्ञान में वृद्धि होगी, वहीं मंत्री मंगल होने के कारण समाज में साहसिक निर्णयों के साथ कुछ उग्रता भी दिखाई दे सकती है। इस वर्ष का संवत्सर 'रौद्र' नाम से जाना जाएगा, जो उग्रता का संकेत देता है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार रौद्र संवत्सर में वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना रहती है, जिसका प्रभाव कृषि और फसलों पर पड़ सकता है। इसके साथ ही उत्तराभाद्रपद नक्षत्र और मीन लग्न में वर्षारंभ होने से प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां भी बन सकती हैं।

शक्ति की उपासना का भी पर्व है नवसंवत्सर- यह समय चैत्र नवरात्रि के आगमन का भी होता है, जब शक्ति की उपासना के माध्यम से नई ऊर्जा और आध्यात्मिक बल प्राप्त किया जाता है। ठंड की विदाई और गर्मी की शुरुआत के बीच यह पर्व हमें सात्विक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है।उल्लेखनीय है कि हिंदू नववर्ष अंग्रेजी कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है। जहां वर्तमान में अंग्रेजी कैलेंडर का वर्ष 2026 है, वहीं हिंदू नववर्ष 2083 होगा। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि शास्त्रों में इसे 'रौद्र संवत्सर' कहा गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने ब्रह्मांड की रचना प्रारंभ की थी। इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने अपने प्रथम अवतार मत्स्य अवतार धारण किया था।

उत्साह, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है नवसंवत्सर- आज के समय में हम पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में अपनी परंपराओं को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं और अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार जनवरी से वर्ष की शुरुआत मानते हैं। जबकि भारतीय परंपरा में वर्ष का आरंभ चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से माना जाता है। दुर्भाग्यवश आज की युवा पीढ़ी को हिंदू पंचांग और महीनों के नामों तक की जानकारी कम होती जा रही है। उन्हें यह जानना चाहिए कि हिंदू पंचांग के महीनों में चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन प्रमुख हैं। चैत्र मास अंग्रेजी कैलेंडर के मार्च-अप्रैल के बीच आता है। वास्तव में जनवरी का महीना हिंदू पंचांग के अनुसार पौष मास होता है। प्राचीनकाल से ही चैत्र मास को नए कार्यों के आरंभ का समय माना गया है, क्योंकि यह वसंत ऋतु का महीना है। इस समय प्रकृति नवजीवन से भर उठती है। न अधिक ठंड होती है और न ही अधिक गर्मी। इसी कारण पुराने कार्यों का समापन और नए कार्यों की योजना इसी समय बनाई जाती थी। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बहीखातों का नवीनीकरण और मांगलिक कार्यों की शुरुआत इसी समय होती है। ज्योतिष शास्त्र में ग्रह, ऋतु, मास, तिथि और पक्ष की गणना भी चैत्र प्रतिपदा से प्रारंभ मानी जाती है। सूर्य की गति के अनुसार मेष राशि की शुरुआत भी इसी समय मानी जाती है। वास्तव में हिंदू कैलेंडर का प्रथम माह चैत्र और अंतिम माह फाल्गुन है, और विशेष बात यह है कि दोनों ही महीनों का संबंध वसंत ऋतु से है।

यह ऋतु उत्साह, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है। चैत्र मास के अंतिम दिन पूर्णिमा को चंद्रमा चित्रा नक्षत्र में स्थित होता है, इसी कारण इस महीने का नाम 'चैत्र' पड़ा। अमावस्या के बाद चंद्रमा मेष राशि और अश्विनी नक्षत्र में प्रकट होकर प्रतिदिन एक-एक कला बढ़ाता हुआ पंद्रहवें दिन चित्रा नक्षत्र में पूर्णता प्राप्त करता है। इसी खगोलीय स्थिति के आधार पर इस मास का नाम चैत्र रखा गया। 'संवत्सर' का अर्थ है ऐसा वर्ष जिसमें बारह महीने होते हैं। विक्रम संवत में महीनों की गणना दो प्रकार से होती है। महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत में अमावस्या के बाद नया महीना शुरू होता है, जबकि उत्तर भारत में पूर्णिमा के अगले दिन से नया महीना माना जाता है। इसी कारण होली के अगले दिन नया महीना तो आरंभ हो जाता है, लेकिन हिंदू नववर्ष लगभग पंद्रह दिन बाद शुरू होता है। शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही सतयुग का आरंभ माना गया है। इस महीने में सूर्य अपनी उच्च राशि में होता है और वसंत ऋतु का आगमन होता है। इसलिए इसे 'भक्ति और संयम' का महीना भी कहा जाता है।

इसी तिथि को ईरान में नौरोज के रूप में नया वर्ष मनाया जाता है। तिथि और पर्वों का निर्धारण करने वाले ग्रंथ निर्णय सिंधु, हेमाद्रि और धर्म सिंधु में इस तिथि को अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है। ब्रह्मांड पुराण में भी इस दिन नए संवत्सर की पूजा का विधान बताया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष प्रतिपदा के दिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग पर्व मनाए जाते हैं-महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, कश्मीर में नवरेह, सिंध में चेटीचंड, केरल में विशु, असम में रोंगाली बिहू आदि। इसी समय चैत्र नवरात्रि आरंभ होती है और आगे चलकर रामनवमी तक उत्सव का क्रम चलता है।

हिंदू नववर्ष का ऐतिहासिक, प्राकृतिक महत्व- चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्व भी है। इसी दिन राजा रामचंद्र का राज्याभिषेक हुआ था, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था, सिख परंपरा के द्वितीय गुरु गुरु अंगद देव का जन्म हुआ था। यह दिन आर्य समाज की स्थापना का दिवस भी है। इसके साथ ही सिंधी समाज के आराध्य संत झूलेलाल का जन्मदिवस और केशव राव बलीराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी इसी दिन माना जाता है।प्राकृतिक दृष्टि से भी यह समय अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस अवधि में किसानों की फसलें पकने लगती हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह समय शुभ माना गया है और किसी भी नए कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह अत्यंत उत्तम मुहूर्त माना जाता है। इतिहास के अनुसार विक्रम संवत की शुरुआत 58 ईसा पूर्व उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने खगोलविदों की सहायता से व्यवस्थित रूप से की थी। विक्रम संवत का कैलेंडर सूर्य और चंद्रमा दोनों की गति पर आधारित है। कहा जाता है कि बारह माह का वर्ष और सात दिन का सप्ताह रखने की परंपरा भी इसी कालगणना से विकसित हुई, जिसे बाद में यूनानियों के माध्यम से अरब और अंग्रेजों ने अपनाया।इसके विपरीत अंग्रेजी नववर्ष का संबंध रोमन शासक जूलियस सीज़र से माना जाता है, जिन्होंने ईसा पूर्व 45 में जूलियन कैलेंडर लागू किया और पहली जनवरी को वर्षारंभ घोषित किया।वास्तव में भारतीय नववर्ष प्रकृति, ऋतु परिवर्तन और खगोलीय घटनाओं से जुड़ा हुआ है, जबकि अंग्रेजी नववर्ष केवल कैलेंडर परिवर्तन का प्रतीक है।

यही कारण है कि चैत्र मास के आगमन के साथ प्रकृति में नवजीवन का संचार दिखाई देता है-पेड़ों में नई कोपलें, फूलों की खुशबू और वातावरण में ताजगी का अनुभव होता है। दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में इस दिन घरों के द्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाया जाता है, जो समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। कर्नाटक में उगादि के अवसर पर नीम की कोपल और गुड़ से बना प्रसाद 'बेवू-बेला' खाया जाता है, जो जीवन के कड़वे-मीठे अनुभवों को समान भाव से स्वीकार करने का संदेश देता है। महाराष्ट्र में 'पूरन पोली' बनाकर इस पर्व की खुशियां साझा की जाती हैं।

अंत में यही कहा जा सकता है कि 'युगादि' शब्द स्वयं नए युग के आरंभ का प्रतीक है। यह केवल कैलेंडर बदलने का संकेत नहीं, बल्कि नवचेतना, नई आशाओं और नए संकल्पों के उदय का संदेश देता है। भारतीय संस्कृति में समय को केवल दिनों और महीनों की गणना तक सीमित नहीं माना गया है, बल्कि उसे सृष्टि और प्रकृति के अनंत चक्र से जोड़ा गया है।नवसंवत्सर केवल एक नए वर्ष की शुरुआत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, प्रकृति और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का पावन अवसर है।

यह हमें नए संकल्प लेने, सकारात्मक सोच अपनाने और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस दिन हम अपने जीवन में नई ऊर्जा, नई आशा और नए उत्साह का स्वागत करते हैं तथा अपनी परंपराओं से जुड़कर बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का संकल्प लेते हैं। अतः आवश्यक है कि हम अपनी इस गौरवशाली परंपरा को पहचानें, उसका संरक्षण करें और नई पीढ़ी को भी नवसंवत्सर के महत्व से परिचित कराएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी हमारी सनातन संस्कृति, परंपराओं और उनकी वैज्ञानिकता पर गर्व कर सकें।

**-सुनील कुमार महला**

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है- भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है।

**-ललित गर्ग**

# महिलाओं की समकालीन स्थिति, नारी के विकास की अवधारणा से राष्ट्र का विकास

केवल भारत में ही नहीं में पूरे विश्व में स्त्रियां उनके नैसर्गिक सम्मान की हकदार हैंद्य स्त्रियों का यथोचित सम्मान ही किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की धुरी हैं । पुरानी मान्यताओं को देखते हुए परिवार समाज तथा देश में स्त्रियों को अग्रणी स्थान देना तय किया जाना चाहिए । स्त्रियों के प्रति भारतीय पुरुषों की मानसिकता तथा नजरिया बदलने की आमूलचूल आवश्यकताद्य भारत देश में नारी पूज्यंते हैं, नारी को नौ देवियों का स्वरूप माना जाता है । शास्त्रों में देवी के नौ स्वरूप शैलपुत्री,ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, महागौरी,कालरात्रि, सिद्धिदात्री, देवियों के नौ रूप जो आतताइयों, राक्षसों से नारियों तथा देवताओं की रक्षा करती हैं। भारत के साथ-साथ विश्व में मुख्यतः व्याप्त पुरुष प्रधान समाज ने एक ऐसी सामाजिक संरचना का निर्माण किया है, जिसमें प्रत्येक निर्णय लेने संबंधित अधिकार पुरुषों के पास ही सीमित रहे हैं

आदिम समाज से लेकर आधुनिक समाज तक विश्व की आधी दुनिया के प्रति भेदभाव पूर्ण दृष्टिकोण रखा गया है जिसने कभी भी स्त्री को व्यक्ति के रूप में स्वीकार नहीं किया है भारतीय समाज में भी प्राचीन नीतिकारों ने स्त्रियों को पिता, भाई, पति या पुत्र के संरक्षण में ही सामाजिक जीवन जीने की शास्वत वकालत की है. हमारे धर्म धर्मशास्त्रों में भी ÷प्राप्ते तू दशम वर्षे,यस्तु कन्या न यच्छ्सी÷,अर्थात कन्या को 10 वर्ष तक पहुंचते-पहुंचते उसका विवाह कर दिया जाना चाहिएइस तरह की कुंठित भावनाओं से ग्रसित पुरुष समाज की मानसिकता वाली शिक्षा हर तरफ देखने मिलती है यह सच है कि पुरुष प्रधान मानसिकता ने स्त्रियों को स्वतंत्र व्यक्ति के रूप में स्वीकार ही नहीं किया था बल्कि तथाकथित लोकतांत्रिक एवं आधुनिक मूल्यों वाले पश्चिमी समाज ने महिलाओं को 1920 तक व्यक्ति के रूप में स्वीकार नहीं किया था पश्चिम के देशों में व्यक्ति मतलब उनका तात्पर्य पुरुष और पुरुष समाज से ही था इंग्लैंड में व्यक्ति को वोट देने का अधिकार था लेकिन महिलाएं 1918 तक वोट देने के अधिकार से वंचित थी अमेरिका में 1920 तक महिलाएं वोट देने का अधिकार के बिना ही जीवन यापन कर रही थी विश्व में पहली बार भारत में व्यक्ति के अंतर्गत महिला को शामिल किया गया था इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कोरनेलिया सोराबजी नामक महिला के वकालत करने संबंधी आवेदन को एक व्यक्ति के रूप में स्वीकार किया इस तरह 1920 में महिला व्यक्ति के रूप में भारत में उच्च न्यायालय द्वारा आदेश देकर स्वीकारोक्ति प्रदान की गई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1929 के आसपास ही महिला को व्यक्ति के रूप में स्वीकार किया गया भारत में सदैव नारी को अबला का दर्जा दिया जा कर एक अवैतनिक श्रमिक अथवा भोग की वस्तु के रूप में देखा है जहां समाज की आधी आबादी को व्यक्ति का दर्जा ही प्राप्त नहीं हो, वहां उसके साथ समानता के व्यवहार की अपेक्षा कैसे की जा सकती हैपूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन ने नारी को पुरुष से ज्यादा सामर्थ्यवान मानते हुए उसे नर की सहचरी कहा है प्रसिद्ध लेखिका तस्लीमा नसरीन ने अपने एक लेख में कहा है वास्तव में स्त्रियां जन्म से अबला नहीं होती हैं उन्हें पुरुष समाज अबला बनाकर रखता है जन्म से शिशु बालिका की जीवन शक्ति शिशु बालक की तुलना में बहुत प्रबल होती है लेकिन समाज अपनी संस्कृति, रीति रिवाज,प्रतिमान तथा जीवन के मूल्यों के लिए तथा जीवन शैली के चलते नारी को अबला बना कर रख देता है आज नारी के क्रांतिकारी दर्शन जैसे नारीवाद पर्यावरण वाद मानव अधिकार वाद ने नारी यानी महिला को बराबरी का दर्जा देने का लगातार प्रयास किया है महिला सशक्तिकरण के प्रयास में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसकी शुरुआत अमेरिका द्वारा 28 जनवरी 19 मई को की गई थी आगे चलकर रूस की महिलाओं द्वारा 191 में महिला दिवस पर रोटी कपड़ा एवं बराबरी के लिए अधिकार की मांग रख हड़ताल भी की गई थी।

भारत के परिपेक्ष में देश में नारियों का ऐसा वर्ग भी है जो सजग जागरूक शिक्षित एवं नौकरी पेशा हैउसे अपने अधिकार का तथा सामर्थ का पूर्ण ज्ञान है ।भारत की महिला आज पुरुषों के साथ स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग ,थल,जल, वायु सेना, रेल, बस,प्रशासन तथा अंतरिक्ष में कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही है राजनीति में वैश्विक स्तर पर श्रीलंका की श्री मांओ भंडार नायके, ब्रिटेन की मार्गरेट थैचर, भारत की श्रीमती इंदिरा गांधी,इजराइल की

गोल्डा मायर ऐसी महिलाएं थी, जिन्होंने इतिहास बनाया है।वर्तमान में भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, भारत की राष्ट्रपति माननीय द्रौपदी मुर्मू, वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन तथा पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी, किरण बेदी तथा अंतरिक्ष विज्ञानी स्वर्गीय कल्पना चावला ऐसे उदाहरण है, जो कभी भुलाया नहीं जा सकेंगे। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना परचम फैला रही है भारत सरकार में भी सशक्त महिलाएं कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कर सरकार मैं अपनी सहभागिता प्रदान कर रही है अंतरिक्ष में भारतीय मूल की कल्पना चावला ने अपना सर्वस्व त्याग कर राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है अमेरिका की उपराष्ट्रपति भारतीय मूल की कमला हैरिस भी भारत तथा महिलाओं का गौरव बढ़ाकर महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण बनी है पर दूसरी तरफ भारत की जनसंख्या की 65 महिलाएं ग्रामीण क्षेत्र में केवल 45त्न शिक्षित है,और शहरी महिलाएं ग्रामीण महिलाओं से थोड़ी ज्यादा शिक्षित हैं पर पूरे 141 करोड़ की जनसंख्या में महिलाओं का भागीदारी का प्रतिशत अत्यंत न्यून है।

अत्यंत कम प्रतिशत महिलाएं ही शिक्षा, समानता, निजता के अधिकार का उपयोग कर पा रही ऐसे में यदि नारी सशक्तिकरण की अवधारणा को माना जाए तो भारत के परिपेक्ष में नारी उत्पीड़न हर क्षेत्र हर प्रदेश तथा देश की राजधानी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता तथा बड़े महानगरों में हो रहा हैनारी के ऊपर होते बलात्कार अत्याचार तथा शोषण की कहानियां रोज अखबारों में दिखाई देती है भारत में नारी सशक्तिकरण की स्थिति बहुत बेहतर नहीं कहा जा सकति है सर्वे के अनुसार प्रति मिनट भारत में 800 महिलाएं किसी न किसी तरह से प्रताड़ना का शिकार हो रही हैऐसे में शिक्षित महिलाओं को ही नारी सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के लिए शासन प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर प्रयास करने की जरूरत होगी।

**-संजीव ठाकुर**

# साझा चूल्हाः संकट से समाधान की राह

रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर समय-समय पर देश में राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। विपक्ष इसे आम आदमी पर बढ़ते आर्थिक बोझ के रूप में उठाता है, तो सत्ता पक्ष अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक परिस्थितियों का हवाला देता है। यह बहस लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, क्योंकि महंगाई और जीवनयापन की लागत सीधे जनता के जीवन को प्रभावित करती है। लेकिन इस पूरे विमर्श में अक्सर एक महत्वपूर्ण पक्ष छूट जाता है–समाज की अपनी सामूहिक शक्ति और संकट के समय मिल-जुलकर समाधान खोजने की क्षमता।

भारतीय समाज की मूल संरचना ही सामूहिकता पर आधारित रही है। यहाँ परिवार केवल पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित नहीं होता, बल्कि विस्तृत रिश्तों और समुदाय के साथ जुड़ा रहता है। गांवों में तो यह भावना और भी गहरी दिखाई देती है, जहाँ कठिन परिस्थितियों में पूरा समाज एक-दूसरे के साथ खड़ा होता है। इसी सामाजिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है–÷साझा चूल्हा÷।

साझा चूल्हा केवल भोजन पकाने का साधन नहीं था, बल्कि वह सामूहिक जीवन की भावना का केंद्र था। सीमित संसाधनों के दौर में कई परिवार मिलकर एक ही चूल्हे पर भोजन बनाते थे। इससे ईंधन की बचत होती थी, श्रम का बंटवारा होता था और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि समाज के लोगों के बीच संवाद और अपनापन बना रहता था। भोजन केवल पेट भरने का माध्यम नहीं रहता था, बल्कि वह सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर बन जाता था।

समय के साथ जीवनशैली में बदलाव आया। तकनीकी विकास, शहरीकरण और आर्थिक प्रगति ने जीवन को सुविधाजनक तो बनाया, लेकिन सामूहिक परंपराओं को धीरे-धीरे कमजोर भी किया। आज लगभग हर घर में अलग रसोई और अलग चूल्हा है। यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का प्रतीक भी माना जाता है। लेकिन इसके साथ ही समाज में एक प्रकार की दूरी भी बढ़ी है। पड़ोस में रहने वाले लोग भी कई बार एक-दूसरे से अपरिचित रह जाते हैं।

इसी संदर्भ में जब गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों की चर्चा होती है, तो हमें केवल राजनीतिक बहस तक सीमित रहने के बजाय सामाजिक दृष्टि से भी सोचने की आवश्यकता है। क्या हम अपनी परंपराओं से कोई ऐसी सीख ले सकते हैं जो आज की परिस्थितियों में भी उपयोगी हो? ÷साझा चूल्हा÷ का विचार इसी दिशा में एक प्रेरक उदाहरण हो सकता है।

हमारे समाज में भंडारे और लंगर की परंपरा सदियों से चली आ रही है। धार्मिक आयोजनों, मंदिरों, गुरुद्वारों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में हजारों लोग एक ही रसोई से भोजन प्राप्त करते हैं। वहाँ न जाति का भेद होता है, न आर्थिक स्थिति का। सभी लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। यह परंपरा केवल सेवा भावना ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और एकता का भी प्रतीक है।

यदि समाज ऐसे बड़े आयोजनों में सामूहिक रसोई को सहजता से स्वीकार कर सकता है, तो फिर रोजमर्रा के जीवन में इस विचार को अपनाने में संकोच क्यों? यह आवश्यक नहीं कि हर जगह बड़े स्तर पर सामुदायिक रसोई स्थापित की जाए, लेकिन छोटे-छोटे स्तर पर भी सहयोग की भावना विकसित की जा सकती है। उदाहरण के लिए, किसी मोहल्ले या समुदाय के कुछ परिवार मिलकर सामूहिक रूप से भोजन बनाने की व्यवस्था कर सकते हैं, विशेषकर उन परिस्थितियों में जब संसाधन सीमित हों या खर्च अधिक हो रहा हो।

यह विचार केवल आर्थिक बचत तक सीमित नहीं है। साझा चूल्हा समाज में सहयोग और संवाद की संस्कृति को भी मजबूत कर सकता है। जब लोग एक साथ बैठते हैं, काम करते हैं और भोजन साझा करते हैं, तो उनके बीच विश्वास और समझ बढ़ती है। सामाजिक तनाव कम होते हैं और समुदाय की एकजुटता मजबूत होती है।

खेती-किसानी, पशुपालन या अन्य श्रमसाध्य कार्यों से जुड़े लोग इस भावना को अधिक अच्छी तरह समझते हैं। ग्रामीण जीवन में श्रम और संसाधनों का साझा उपयोग एक सामान्य बात है। खेतों में काम के दौरान कई परिवार मिलकर भोजन की व्यवस्था करते हैं। त्योहारों और सामाजिक अवसरों पर भी सामूहिक भोजन की परंपरा देखने को मिलती है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन को सरल और संतुलित बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी है।

इसके विपरीत, आधुनिक शहरी जीवन ने कई लोगों को सुविधाओं के बीच तो रखा है, लेकिन उन्हें सामाजिक ताने-बाने से कुछ हद तक दूर भी कर दिया है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजी जीवन की अवधारणा ने सामूहिकता की भावना को कमजोर किया है। लोग अपने घरों में सीमित हो गए हैं और पड़ोस या समुदाय के साथ उनका संपर्क कम होता जा रहा है। इसका परिणाम यह हुआ है कि समाज में एक प्रकार का अकेलापन और अलगाव भी बढ़ रहा है।

ऐसे में साझा चूल्हा केवल आर्थिक या व्यावहारिक समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्संरचना का भी एक प्रतीक बन सकता है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज की असली ताकत केवल सरकारी नीतियों में नहीं, बल्कि लोगों के आपसी सहयोग और एकता में भी होती है। जब समाज संगठित होता है, तो वह कई समस्याओं का समाधान स्वयं खोज लेता है।

बेशक, आज की परिस्थितियाँ पहले जैसी नहीं हैं। शहरों की जीवनशैली, काम के अलग-अलग समय और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के कारण हर जगह साझा चूल्हा लागू करना संभव नहीं हो सकता। लेकिन इस विचार का मूल संदेश–सहयोग और साझेदारी–आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था। यदि समाज इस भावना को अपनाए, तो कई समस्याओं का प्रभाव स्वतः कम हो सकता है।

**- डॉ. प्रियंका सौरभ**

# जिले के युवाओं को नशे की लत लगाने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश

### 1 महीने की सतत् मॉनिटरिंग पश्चात् मात्र 12 घण्टें के भीतर 100 पुलिसकर्मियों ने पृथक - पृथक 4 स्थानों पर दी दबिश

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के कुशल मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरीका संचालन किया गया था । इस राज्यस्तरीय प्रयास को देवास जिले में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में एक सशक्त आंदोलन का रुप देकर जहाँ एक ओर युवाओं को नशे से दुर रहने हेतु प्रेरित किया जा रहा है वही दूसरी ओर अवैध मादक की खरीद - फरोख्त करने वाले आदतन अपराधियों के विरूद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास श्री सुमित अग्रवाल,अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ श्रीमती दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा,थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबौध कुमार गौतम,थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस निरीक्षक श्रीमती प्रीति कटारे के नेतृत्व में अलग ङ्क अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध मादक की खरीद - फरोख्त करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है । जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-




जप्त मश्रुकाः- अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स कुल 64.7 ग्राम कीमत 97,000/-,01 सिल्वर कलर ईगनीस कार कीमत करीब 3.53 लाख,एक लाल काले रंग की रॉयल एन्फिल्ड बुलेट कीमत करीब 1.5 लाख, 14 मोबाइल कीमत लगभग 04 लाख कुल मश्रुका 10,00,000/- का जप्त ।

उल्लेखनीय है कि मादक पदार्थों के विरुद्ध जारी प्रदेश स्तरीय अभियान में देवास पुलिस की यह विगत डेढ़ माह में लगातार चौथी बड़ी कार्यवाही है । इससे पूर्व देवास पुलिस द्वारा 31 स्थानों पर 500 पुलिसकर्मीयों की एक साथ दबिश देकर 43 लाख 30 हजार रुपये का 437 किलो अवैध मादक पदार्थ- गाँजा जप्त कर कुल 14 कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार किया था ।

#### गिरफ्तार आरोपी

1. राजा पिता शाकिर खान उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम सिंदनी थाना टोंकखुर्द
2. महेश पिता गोवर्धनलाल कुमावत उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम सिंदनी थाना टोंकखुर्द
3. र ई स पिता छोटे खान उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम अमरपुरा थाना बीएनपी
4. सो दा न पिता राजाराम परमार उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सिंदनी थाना टोंकखुर्द
5. शा ेख शाहरुख पिता शेख सलीम उम्र 28 वर्ष निवासी बालगढ रोड सिल्वर कॉलोनी थाना औद्योगिक क्षेत्र
6. शकील खां पिता इदु खां उम्र 41 साल निवासी ग्राम चौबाराधीरा थाना पीपलरावां
7. अल्ताफ पिता वकिल खान उम्र 22 साल निवासी चौबाराधीरा
8. प्रताप सिंह पिता शेर सिंह उम्र 28 साल निवासी सांवेर थाना सोनकच्छ
9. जुबेर पिता शरीफ खान उम्र 19 साल निवासी सहारा ग्रीन, देवास,
10. ताहिर पिता आशिक शाह उम्र 20 साल निवासी नौसराबाद कालोनी देवास,
11. साहिल पिता सलीम शेख उम्र 30 साल निवासी त्रिलोक नगर ईटावा जिला देवास
12. हबीब-उर-रहमान उर्फ रघु पिता आरिफ खान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रसूलपुर
13. अरुण पिता गेंदालाल वर्मा उम्र 39 वर्ष निवासी नागुखेडी चौकी देवास
14. कैफ पिता रिजवान खान उम्र 28 वर्ष निवासी उत्तमनगर ईटावा देवास व स्थाई निवासी भगतसिंह मार्ग गोया, देवास

सराहनीय कार्यः- उक्त सराहनीय कार्य में थाना कोतवाली से थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा,उनि जीवन भिण्डोरे,प्रआर सुनिल देथलिया,रवि गरोड़ा,जितेन्द्र पटेल,मनोज मौर्य,आर नवीन,सुजीत,वैभव,थाना पीपलरावां से थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक श्री सुबोध कुमार गौतम,उनि कपिल नरवले,अरुण पिपल्दे,प्रआर संजय,कमल वर्मा,आरक्षक राजकुमार,महेन्द्र,धर्मेन्द्र,जसवीर,योगेश,बलराम , चे त न , आ शी ष , र वि न्द, जावरिया,मनोज,रविन्द्र,दीपक,थाना बैंक नोट प्रेस से थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस निरीक्षक श्रीमती प्रीति कटारे,उप निरीक्षक गौरीशंकर यादव,राहुल परमार,गोपाल चौधरी,रामकृष्ण शर्मा,कृष्णा सूर्यवंशी,मांगीलाल भगोरा,शिवराम डोडियार,राजेश जाधव,प्रआर अशोक जोसवाल,धर्मेन्द्र चित्तौडिया,राजेश मण्डोर,अभिषेक पाण्डेय,मनोज पटेल,भारत चौधरी,कमल वर्मा,स्वयंवर,अनिल उपलावदिया,आरक्षक उमेश भदौरिया,दिपेन्द्र,पंकज अजनोदिया,रोहित रोजडे,शंकर,रविदास,लक्की वर्मा,महिला आरक्षक शिवानी,मोनिका,प्रिया शर्मा,थाना औद्योगिक क्षेत्र से थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र श्री शशिकांत चौरसिया,उनि प्रवीण राठौर,प्रआर शैलन्द्र,सुरेश,आर अजय,हर्षित,सैनिक राजेन्द्र,मयूर एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान,शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही ।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्लोगन कंपटीशन का आयोजन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में आईक्यूऐसी, इको क्लब के तत्वावधान में प्रभारी प्राचार्य डॉ रतन सिंह अनारे के मार्गदर्शन में आज 16 मार्च ÷जल गंगा संवर्धन जागरूकता अभियान÷ के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण, प्राकृतिक जल स्रोतों के महत्व तथा जल के सतत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

डॉ. लीना दुबे ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवन की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जल का विवेकपूर्ण उपयोग करे। उन्होंने वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण तथा दैनिक जीवन में जल की बचत जैसे उपायों को अपनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया साथ ही जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और इसे अपने जीवन में अपनाने की शपथ दिलवाई।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा जल संरक्षण पर आधारित अनेक प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए, इन स्लोगनों के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को जल बचाने और प्राकृतिक जल स्रोतों की रक्षा करने का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मयंक वर्मा बीए प्रथम वर्ष ,द्वितीय स्थान सुशील पिचाडवाल बी.कॉम प्रथम वर्ष और तृतीय स्थान वेदिका पनवार बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया ।

इस अवसर पर डॉ.ममता लावरे जी ,डॉ. लीना दुबे, डॉ. सीमा परमार तथा डॉ. निहारिका व्यास के साथ 40 इको क्लब,युवा पर्यटन क्लब,रा से यो के स्वयं सेवक उपस्थित थे,यह जानकारी इको क्लब एवं युवा पर्यटन क्लब प्रभारी जितेन्द्र सिंह राजपूत ने दी।

# मंच पर जगह न मिलने से भड़के एनएसयूआई कार्यकर्ता, एक्सीलेंस कॉलेज में 2 घंटे तक चला भारी हंगामा

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में सोमवार को उस वक्त भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब कार्यक्रम के मंच पर तरजीह न मिलने और प्राचार्य के एक बयान से नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज का घेराव कर दिया। करीब दो घंटे तक चले उग्र विरोध प्रदर्शन, तालाबंदी और नारेबाजी के बाद, आखिरकार प्राचार्य के खेद जताने पर छात्र शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त किया।



एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बताया कि हाल ही में कॉलेज में स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया था। आरोप है कि इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधियों को मंच पर ससम्मान स्थान दिया गया, जबकि एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को कुर्सियां तक नसीब नहीं हुईं।

# रोजगार कार्यालय देवास में आज रोजगार मेले का आयोजन 17 मार्च को

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 17 मार्च को एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव (रोजगार मेले) का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक रोजगार कार्यालय चामुण्डा काम्पलेक्स चतुर्थ मंजिल देवास में आयोजित किया जा रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई, डिप्लोमा तथा स्नातक तक की योग्यता वाले आवेदकों को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न कंपनियों द्वारा भर्ती की जायेगी। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के फोन नम्बर 07272-252296 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में सोमवार को आयोजित शिविरों में 3409 हितग्राही हुए लाभान्वित



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले में ''संकल्प से समाधान अभियान के तहत केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं/सेवाओं का हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करने के लिए 18 मार्च तक सभी विकासखण्डों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में क्लस्टर स्तर पर हितलाभ वितरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 16 मार्च सोमवार को मल्हार स्मृति मंदिर देवास, नगर परिषद हाटपीपल्या, विकासखण्ड बागली के ग्राम बरझाई तथा चापड़ा, विकासखण्ड सोनकच्छ के ग्राम सांवेर एवं कुलाला, विकासखण्ड कन्नौद के ग्राम डोकाकुई, विकासखण्ड खातेगांव के ग्राम दीपगांव में हितलाभ वितरण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविरों में 3409 हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

संकल्प से समाधान अभियान के तहत 17 मार्च मंगलवार को विकासखण्ड देवास के ग्राम टिगरिया गोगा, ग्राम बरोठा, विकासखण्ड टोंकखुर्द के ग्राम सेकली, विकासखण्ड बागली के ग्राम पुंजापुरा, पाण्डुतालाब, विकासखण्ड कन्नौद के ग्राम कुसमानिया में हितलाभ वितरण शिवर आयोजित होंगे।

# व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमार कार्यवाही



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अलग अलग होटलों पर दबिश के दौरान घरेलू गैस टंकियां जब्त देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग की कार्यवाही संतुष्टि रेस्टोरेंट मैना श्री काम्प्लेक्स से 3,श्याम चाट भंडार जवाहर चौक से 2,रवि भोजनालय कैलादेवी रोड़ से 2 टंकी और 1 टंकी जोधपुर स्वीट्स विकास नगर से जब्त की है उक्त सभी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत किया मामला दर्ज किया गया है खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# ओंकारेश्वर महादेव का हुआ अद्भुत भात श्रृंगार, मनमोहक स्वरूप के दर्शन कर निहाल हुए श्रद्धालु

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिव आराधना के विशेष दिन सोमवार को शहर के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का अत्यंत मनमोहक और अलौकिक श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा महादेव का पारंपरिक भात श्रृंगार किया गया, जिसके दिव्य दर्शन कर श्रद्धालु अभिभूत हो गए। शाम के समय भगवान शिव को पके हुए चावल (भात) से सजाकर उन पर एक बेहद आकर्षक और रौबीला मुखौटा धारण कराया गया। पीले वर्ण के इस मुखौटे पर शिवजी की बड़ी-बड़ी आंखें और मूंछें भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। श्रृंगार के दौरान भगवान के शीश पर लाल गुलाब और सफेद मोगरे के फूलों का सुंदर मुकुट सजाया गया।

# जिले के नागरिक सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की आयु की बेटियों को एचपीवी टीका लगवाये

### जिले की शासकीय संस्थाओं में किया जा रहा है नि:शुल्क टीकाकरण

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले में 10 स्थानों पर यह टीकाकरण किया जा रहा है। जिसमें जिला चिकित्सालय देवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोठा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, सिविल अस्पताल सोनकच्छ, सिविल अस्पताल खातेगांव, सिविल अस्पताल कन्नौद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली, सिविल अस्पताल हाटपीपल्या एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द सम्मिलित हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम कर करने के लिए निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। एचपीवी टीकाकरण अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष पूर्ण न करने वाली बालिकाओं (जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है लेकिन अभी तक अपना 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है) को निःशुल्क एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है। यह टीका पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी है, जो सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक है। सर्वाइकल कैंसर या गर्भाशय ग्रीवा कैंसर वह कैंसर है जो गर्भाशय के निचले सिरे में होता है। लगभग 99.7 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर या गर्भाशय ग्रीवा कैंसर उच्च जोखिम वाले ह्यूमन पैपिलोमा वायरस द्वारा जननांग पथ के लगातार संक्रमण के कारण होता है। विशेषज्ञों के अनुसार सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा किशोरी बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया गया है।

# पक्का बिल मांगें, मिलावट से बचें, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर शाजापुर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाजार में आए दिन ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। ऐसे में केवल एक जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। चाहे कोई सामान खरीदते समय पक्का बिल लेना हो, खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करनी हो, या पेट्रोल पंप पर सही मात्रा की जांच करनी हो? सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। उपभोक्ताओं को उनके इन्हीं अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर शाजापुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित विवेकानंद सभागार में संपन्न हुआ, जिसमें विशेषज्ञों और अधिकारियों ने ग्राहकों को उनके अधिकारों से अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिलाध्यक्ष अंशुल शर्मा ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और ग्राहकों के कानूनी अधिकारों व कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल ने बाजार में उपभोक्ताओं के साथ होने वाली धोखाधड़ी के तरीकों का खुलासा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक जागरूक ग्राहक कैसे ठगी का शिकार होने से बच सकता है।

# मधुमेह प्रबंधन में मन की भूमिका पर डॉ. महेन्द्र सिंह होरा की नई पुस्तक 'माइंड एंड डायबीटीज' का विमोचन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज के दौर में मधुमेह (डायबिटीज) विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती जीवन-शैली संबंधी बीमारियों में से एक बन चुकी है। आमतौर पर इसे केवल भोजन, दवाइयों और शारीरिक गतिविधियों से जुड़ी बीमारी माना जाता है, लेकिन चिकित्सा विज्ञान अब यह स्वीकार कर रहा है कि मानसिक तनाव, भावनात्मक असंतुलन और जीवन-शैली भी इस रोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



इसी महत्वपूर्ण विषय को केंद्र में रखकर डॉ. महेन्द्र सिंह होरा द्वारा लिखित पुस्तक माइंड एंड डायबीटीज का विमोचन अमलतास ग्रुप के चेयरमैन महोदय श्री मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा किया गया।

डॉ. होरा एक अनुभवी चिकित्सक होने के साथ-साथ माइंड ट्रेनर, मेडिटेशन कोच और लाइफस्टाइल मेडिसिन विशेषज्ञ भी हैं। 25 वर्षो के वृहद अनुभव से उन्होंने अनगिनत मरीजो को ठीक किया है डॉ.होरा द्वारा तनाव प्रबन्धक में कई कारपोरेट एवं शेक्षणिक संस्था में वर्कशॉप आयोजित की गई उन्होंने इस पुस्तक में मधुमेह को केवल एक शारीरिक रोग नहीं बल्कि मन, शरीर और जीवन-शैली के संयुक्त प्रभाव के रूप में समझाने का प्रयास किया है।

पुस्तक में बताया गया है कि लगातार तनाव, चिंता, भय और नकारात्मक विचार शरीर में हार्मोनल परिवर्तन उत्पन्न कर इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ा सकते हैं, जिससे रक्त शर्करा का स्तर प्रभावित होता है। लेखक ने वैज्ञानिक शोधों और अपने चिकित्सकीय अनुभव के आधार पर यह समझाया है कि सकारात्मक सोच, ध्यान, योग, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम मधुमेह नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर युनिवर्सिटी प्रो चांसलर डॉ .सलिल भार्गव , वाइस चांसलर डॉ. शरद चन्द्र वानखेड़े , कॉलेज डीन डॉ.ए.के. पिठवा, अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत , पीजी डायरेक्टर डॉ.एस.के.नीमा, अकेडमिक डायरेक्टर डॉ. अभय गुप्ता , वाइस चेयरमैन श्री देवेन्द्र दुबे, चिकित्सक , शिक्षक एवं सभी छात्र उपस्थित रहे।

# मदाना जोड़ पर हादसे का शिकार हुआ युवक डायल-112 की तत्परता से समय पर पहुंचा अस्पताल



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क हादसों के दौरान शुरुआती समय (गोल्डन आवर) बेहद कीमती होता है। रविवार शाम थाना सलसलाई की डायल-112 टीम ने इसी संवेदनशीलता और त्वरित कार्यप्रणाली का परिचय देते हुए एक घायल युवक को तत्काल रेस्क्यू किया। मदाना जोड़ के पास बाइक स्लिप होने से घायल हुए युवक को पुलिस जवानों ने बिना समय गंवाए सीधे अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसे समय पर इलाज मिल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 6.40 बजे चौकी मुरादाबाद निवासी लाखन गुजराती अपनी बाइक से किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान मदाना जोड़ के पास अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। रफ्तार होने के कारण वे सड़क पर गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी।

कंट्रोल रूम पर इवेंट दर्ज होते ही थाना सलसलाई की एफआरवी-112 टीम तुरंत हरकत में आई। वाहन के पायलट शाहरुख खान और आरक्षक कुलदीप भिलाला चंद मिनटों में घटनास्थल पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने घायल लाखन गुजराती की स्थिति देखी और एंबुलेंस का इंतजार करने के बजाय उसे तुरंत अपने ही वाहन (डायल-112) में बैठाया। जवान उसे लेकर सीधे सारंगपुर के शासकीय अस्पताल पहुंचे और प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। फिलहाल अस्पताल में घायल युवक का इलाज जारी है। पुलिस कर्मियों की।

# बिजली कर्मचारियों ने ऊर्जा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, मांगें नहीं मानी तो उग्र आंदोलन की चेतावनी



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश के विद्युत क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों, नियमित कर्मचारियों, संविदा और आउटसोर्स कर्मियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर म.प्र. बिजली कर्मचारी महासंघ ने सोमवार को शासन और प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपनी लंबित मांगों को लेकर महासंघ ने ऊर्जा मंत्री (म.प्र. शासन) के नाम अधीक्षण यंत्री एस.एन. वर्मा (प.क्षे.वि.वि.कं. शाजापुर) को एक ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी न्यायोचित मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो प्रदेशभर के बिजली कर्मी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली कंपनियां पूरी तरह से कर्मचारियों की मेहनत के दम पर टिकी हैं, इसके बावजूद उनकी बुनियादी मांगों और सुविधाओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि संविदा कर्मचारियों को तत्काल नियमित किया जाए। साथ ही वर्ष 2004 के पश्चात नियुक्त सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए, नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए और आउटसोर्स कर्मियों की समस्याओं का स्थायी समाधान हो, सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान ही महंगाई भत्ता दिया जाए और उनकी पेंशन का भुगतान जिला कोषालय के माध्यम से हो, वर्ष 2000 से 2012 के बीच सामान्य मृत्यु का शिकार हुए कर्मचारियों के आश्रितों को, जिन्हें आज दिनांक तक नियुक्ति नहीं मिली है, नियमित रूप से अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। पूर्व की भांति चार वर्ष में एक बार एल.टी.सी., दो वर्ष में एक बार गृह यात्रा भत्ता और प्रतिवर्ष 15 दिन के अवकाश का नगदीकरण पुनः लागू किया जाए।

# त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति मां पन्नाधाय का जन्मोत्सव धूमधाम से मना

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना के तत्वावधान में स्थानीय गुर्जर छात्रावास में सोमवार को त्याग, निष्ठा और बलिदान की प्रतिमूर्ति मां पन्नाधाय का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान समाजजनों ने मां पन्नाधाय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया और उनके गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मां पन्नाधाय की जीवनी पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पुत्र चंदन का बलिदान देकर मेवाड़ के कुलदीपक उदयसिंह की रक्षा की थी। उनका यह अद्वितीय त्याग न केवल गुर्जर समाज बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक महान प्रेरणा है। वक्ताओं ने युवा पीढ़ी से उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश गुर्जर, विजयसिंह पंडा जी, अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना के जिलाध्यक्ष देवकरण गुर्जर, प्रदेश प्रवक्ता कपिल गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर, तराना जनपद से करण सिंह, सरपंच राजेश, लक्ष्मी रामजी गुर्जर, गोकुल सिंह और अर्जुन सिंह चांदना ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान शाजापुर जिले व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग, युवा और मातृशक्ति उपस्थित रहे।



# अरबों की वसूली, पर न हरियाली न सड़क

## जावरा-लेबड़ फोरलेन कंपनी के खिलाफ अब 3 माह में होगा अंतिम फैसला

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जावरा-लेबड़ फोरलेन सड़क पर सुविधाओं के अभाव और नियमों के उल्लंघन को लेकर लंबे समय से चल रही कानूनी लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के आदेश के बाद, अब मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ इस मामले में आगामी तीन माह के भीतर निर्णय लेगी। यह याचिका एडवोकेट अशोक संघवी द्वारा वर्ष 2019 से पेश की गई है, जिसमें सड़क निर्माण कंपनी की मनमानी और अधिकारियों की चुप्पी पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

कागजों पर 80 हजार पौधे, हकीकत में हरियाली शून्य- याचिका में बताया गया है कि 2008 में धार कलेक्टर से फोरलेन निर्माण के लिए पुराने वृक्षों को काटने की अनुमति इस शर्त पर ली गई थी कि कंपनी सड़क के दोनों ओर 4,000 फलदार वृक्ष लगाएगी और 5 वर्षों तक उनकी देखरेख करेगी। कंपनी ने 80,000 से अधिक पौधे लगाने का दावा किया, लेकिन वास्तविकता में 18 साल बाद भी सड़क के दोनों ओर हरियाली का नामोनिशान नहीं है। वहीं सड़क की पटरियों का समतलीकरण नहीं किया गया और न ही गड्ढों की मरम्मत की जा रही है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एडवोकेट अशोक संघवी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, टोल कंपनी जनता की जेब पर भारी पड़ रही है। 30 जून 2025 तक कंपनी 21 अरब 82 करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक की वसूली कर चुकी है। रतलाम और छौ खुर्द स्थित दो टोल नाकों से प्रतिदिन लगभग 40-50 लाख रुपये वसूले जा रहे हैं।

कंपनी को 18 मार्च 2033 तक वसूली का अधिकार है, जबकि वह निर्माण लागत से तीन गुना अधिक राशि पहले ही वसूल चुकी है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की सड़क का दावा करने वाली इस फोरलेन पर न तो पर्याप्त सुविधा घर हैं और न ही जीवन रक्षक उपकरणों से लैस एम्बुलेंस। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (MPRDC) के अधिकारी इस मामले में मूकदर्शक बने हुए हैं।

इस मामले में पर्यावरण विशेषज्ञ अमृत पाटीदार (कोद) और पत्रकार व विधायक प्रतिनिधि महेश पाटीदार ने भी शपथ पत्र प्रस्तुत कर सड़क की बदहाली और वृक्षारोपण की विफलता की पुष्टि की है। समाचार पत्रों की कटिंग्स को भी प्रमाण के तौर पर पेश किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय में श्री निपुन चौधरी, के.एल. जाट और प्रीति पलसे जैसे अनुभवी अभिभाषक इस मामले की पैरवी कर रहे हैं। अब देखना यह है कि तीन माह बाद आने वाला फैसला आम जनता को टोल के बोझ से राहत दिलाता है या नहीं।

# गोविंद सिंह पण्ड्या फिर बने सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज की एक आवश्यकता बैठक शिव मंदिर परिसर ग्राम पासलोद में दिनांक 25 जनवरी 2026 को संपन्न हुई जिसमें समाज के वर्तमान अध्यक्ष गोविंद सिंह पंड्या को पुनः अध्यक्ष बनाते हुए उनका कार्यकाल बढ़ाया गया इसके साथ ही नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष गोविंद सिंह जागीरदार, उपाध्यक्ष ईश्वर लाल रावल, डूंगर सिंह पाठक, गणेशी लाल पंड्या, सचिव जगदीश चंद्र शर्मा, सहसचिव सोहनलाल पंड्या, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण एवं चंद्र सिंह पंड्या ओमप्रकाश त्रिवेदी को सदस्य मनोनीत किया गया इसके साथ ही बैठक में यह भी सर्वानुमति से निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष व कार्यकारिणी के सदस्य ब्राह्मण समाज की मूल्यवान संपत्ति शंकर बावड़ी, भगवती माता तथा औदिच्य ब्राह्मण समाज छात्रावास की संपत्ति जो समाज के अन्य लोगों द्वारा विक्रय व नष्ट करने के कारण संपत्ति की सुरक्षा तथा समाज हित में संपत्ति की देखभाल, संरक्षण व न्यायालयीन कार्यवाही करेंगे।

# बदनावर की बेटी ने बढ़ाया मान

## कनिका पाटीदार का भारत सरकार के प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड हेतु चयन



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में बदनावर शहर के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। श्रीराज राजेंद्र सूरी शताब्दी जैन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल (सीबीएसई पैटर्न) की कक्षा 10वीं की मेधावी छात्रा कुमारी कनिका सुनीलजी पाटीदार का चयन भारत सरकार की प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर हुआ है।

इंस्पायर अवार्ड योजना भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एक महत्वाकांक्षी पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के भीतर छिपी वैज्ञानिक प्रतिभा को पहचानना और उनमें नवाचार व शोध के प्रति रुचि पैदा करना है। कनिका ने अपने मौलिक वैज्ञानिक विचार और कड़ी मेहनत के दम पर इस कड़े चयन मापदंड में सफलता प्राप्त की है। कनिका की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजनों और पूरे शहर में खुशी का माहौल है। संस्था के प्राचार्य और शिक्षकों ने इसे विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम बताया है। इस चयन के बाद कनिका को अपने वैज्ञानिक मॉडल और विचारों को आगे विकसित करने के लिए सरकार की ओर से प्रोत्साहन और मंच प्राप्त होगा। कनिका की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, समाजसेवियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी ने विश्वास जताया है कि कनिका अपनी प्रतिभा से भविष्य में भी देश का नाम रोशन करेगी।

# साध्वी ऋतंभरा दीदी के करकमलों से आर्यावृत पत्रकार संघ के आधिकारिक लोगो का भव्य विमोचन



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पत्रकारिता की शक्ति और एकता को नई पहचान देते हुए, आर्यावृत पत्रकार संघ के आधिकारिक लोगो का विधिवत अनावरण परम पूज्य साध्वी ऋतंभरा जी (दीदी मां) द्वारा हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। दीदी मां ने मंच से पर्दे को हटाकर लोगो का विमोचन किया और उपस्थित पत्रकार समुदाय को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा पत्रकारिता समाज का सबसे सशक्त स्तंभ है। एक पत्रकार को सदैव सत्य, निष्पक्षता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर अपनी लेखनी चलानी चाहिए। जब पत्रकार निर्भीक होकर समाज के मुद्दों को उठाता है, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है और सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है।

इस ऐतिहासिक पल के साक्षी संत ऋषि राज्य महाराज एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी भी रहे। उन्होंने पत्रकारों की भूमिका को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और संगठन की इस पहल की सराहना की। प्रमुख उपस्थिति राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिंह चौहान, महेश पाटीदार, नवीन चौहान, विनय पाटीदार, मनीष शर्मा, राकेश सिंह चौहान, डॉ. गोपाल सिंह ठाकुर, प्रदीप पवार, शिवशंकर रिंगनोदिया, सचित बाहेती, मुकेश राठौर एवं अन्य साथी।

इस विमोचन को पत्रकारों की एकता और सशक्त संगठन की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। सभी पत्रकारों ने एक स्वर में जनहित और निष्पक्ष पत्रकारिता को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# नये सत्र का श्री केशरिया जी यात्रा से करा श्रीगणेश



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ब्राह्मी महिला मण्डल द्वारा नये सत्र का श्री गणेश राजस्थान स्थित उदयपुर के पास प्रसिद्ध जैन तीर्थ श्री केशरियाजी की यात्रा से करा जिसमे ग्रुप की सक्रिय पदाधिकारी पर्यटन मंत्री श्रीमती दीपिका ओरा के कुशल नेतृत्व में रविवार रात्रि ट्रैन द्वारा 20 बहनों के साथ यात्रा शुरू की गयी इस अवसर पर नवीन अध्यक्ष श्रीमती इंदु पावेचा एव सचिव प्रतिभा ओरा के प्रथम कार्यकाल की शुरुवात हुई यात्रा जाने के पूर्व स्थानक समाज की और से मगलमय यात्रा हेतु शुभकामनाए दी पावेचा एव ओरा ने बताया कि केशरिया जी तीर्थ सहित आसपास के विभिन्न धार्मिक स्थलो के दशर्न करेंगे।

# धन्वंतरी महादेव के दर्शन लाभ ले आगे बढ़ी पंच कोसी यात्रा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल



**महिदपुर/ यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार्मिक आस्था परंपरा एवं भक्ति की मिसाल मेलेश्वर महादेव मंदिर की पंचकोशी यात्रा के तीसरे दिन सोमवार को सुबह धनवंतरी बैजनाथ महादेव के रुद्राभिषेक पूजन आरती के पश्चात यात्रा ने प्रस्थान किया। यह यात्रा ढाबला, ढाबली, कुवाडिया, बिसलखेड़ी , इटावा, डोंगला ग्रामों के धार्मिक स्थलों के दर्शन करते हुए दोपहर में विश्राम स्थल ग्राम किटिया पहुंची। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ चाय अल्पाहार शीतल पेय देकर स्वागत किया गया। डोंगला मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आचार्य एवं समिति परिवार द्वारा प्राचार्य राजेंद्र यादव की अगुवाई में यात्रा का स्वागत किया गया। ग्राम किटिया में बापूलाल चौधरी, अंतरसिंह आंजना, मुकेश चौधरी, सज्जनसिंह आंजना, पदमसिंह आंजना आचार्य आदि ने ध्वज पूजन कर मंगल तिलक लगाकर पंडित महावीर आमेटा सहित यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का पुष्पमाला एवं पुष्प वर्षा कर अगवानी की।दोपहर विश्राम समय मे ढोल की थाप पर महिलाएं नृत्य के साथ भजन गाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया। दोपहर पश्चात संत महावीर आमेटा के आशीर्वचन के पश्चात यात्रा बिलकेश्वर महादेव पहुंची, जहां पर रात्रि विश्राम हुआ। मंगलवार को सुबह बिलकेश्वर महादेव का पूजन रुद्राभिषेक आरती कर यात्रा ने अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान किया।

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनगणना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रगणक एवं अन्य संबंधित कार्मिकों के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। साथ ही सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि इस सप्ताह के भीतर मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण किया जाए। गेहूं सत्यापन की समीक्षा में कहा गया कि जहां-जहां कार्य शेष है, उसे तत्काल पूर्ण किया जाए। डीएसओ/डीआरसीएस से गेहूं पंजीयन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि शीघ्र गेहूं खरीदी केंद्र स्थापित करने की कार्यवाही की जाए। एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा में बड़वाह में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर सुश्री मित्तल ने प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद सीईओ एवं सीडीपीओ को अगले 15 दिनों का टीकाकरण शेड्यूल जारी करने, दो सप्ताह का माइक्रो प्लान तैयार करने तथा ड्रॉपआउट बालिकाओं को चिन्हित कर टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी सीडीपीओ को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सचिवों के सहयोग से टीकाकरण कराने तथा सभी बीएमओ को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि कोई भी निजी विद्यालय की बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की साप्ताहिक समीक्षा करने, संपूर्णता अभियान 2.0 की प्रगति में तेजी लाने तथा 90 प्रतिशत से कम प्रगति न रहने के निर्देश दिए गए। आंगनवाड़ी केंद्रों पर बाल-सुलभ शौचालयों की समीक्षा में झिरन्या एवं भगवानपुरा के जनपद सीईओ को इस सप्ताह सभी शौचालय कार्य प्रारंभ कराने एवं मरम्मत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सभी जनपद सीईओ को ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित करने तथा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय शिविर में सभी विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए गए। आकांक्षी ब्लॉकों की समीक्षा के साथ खेत तालाब, डग वेल, अमृत सरोवर, कूप निर्माण, बंधाई कार्यों एवं जल संचय जन-भागीदारी कार्यों की समीक्षा की गई। सभी कार्यों की ऑनलाइन एंट्री, मस्टर जारी करने एवं मटेरियल बुकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# नगर के लंबित विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर नगर पालिका के सामने चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान आज आंदोलन को एक नया रूप दिया गया



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के लंबित विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर नगर पालिका के सामने चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान आज आंदोलन को एक नया रूप दिया गया। धरना स्थल पर वार्ड क्रमांक 03 की महिलाओं ने भी पहुंचकर अपना समर्थन व्यक्त किया और प्रतीकात्मक रूप से मटका फोड़कर विरोध दर्ज कराया।

महिलाओं ने कहा कि नगर में लंबे समय से कई आवश्यक निर्माण कार्य और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दे लंबित पड़े हैं, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने और व्यवस्था को जगाने के उद्देश्य से यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया।

धरना स्थल पर उपस्थित लोगों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा - जनता का सब्र टूटा है, इसलिए मटका फूटा है तथा खाली मटका बोल रहा है, नगर विकास डोल रहा है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि नगर के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को शीघ्र शुरू करवाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि नगर के लंबित निर्माण कार्यों को जल्द प्रारंभ किया जाए, अन्यथा जनसमर्थन के साथ आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

धरना स्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर की जनता अब अपने अधिकारों और विकास कार्यों के लिए जागरूक हो चुकी है और जब तक मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

इस दौरान ललिता उपाध्यक्ष, अर्चना चोरे, वंदना जवादे, शीतल पाटिल, प्रतिभा रॉनित, छाया देशमुख सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। साथ ही पार्षद सपना पटेल, अनीशा पटेल, योगिता पाटिल, वर्षा ठाकरे, राजू पाटिल, कैलाश पटेल, शांताराम ठाकरे, राजू नायक, संजय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

राजेश पटेल लारा ने बताया कि मटका फोड़कर किया गया यह प्रदर्शन प्रशासन को जगाने और व्यवस्था की खामियों को दिखाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि नगर के विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ नहीं किए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# समाज की एकता के लिए एकजुट होकर कार्य करें अग्रवाल

## अग्रवाल महिला महासभा ने चलाया सदस्यता अभियान



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला प्रकोष्ठ नगर इकाई अकोदिया एवं जिला इकाई शाजापुर द्वारा प्रत्येक माह के रविवार को महिला महासभा की पदाधिकारीयों के निवास पर महाराजा श्री अग्रसेन जी कुलदेवी श्री महालक्ष्मी जी की आरती का आयोजन किया जाता है इसी के तहत रविवार को महासभा की नगर कार्यकारिणी सदस्य अलका गोयल के निवास पर महाआरती एवं बैठक का आयोजन किया गया बैठक में अतिथि के रूप में महासभा जिला अध्यक्ष ममता अग्रवाल जिला संयोजीका रश्मि गोयल अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हनी गुप्ता ने की बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा सदस्यता अभियान चलाकर सभी अग्रबन्धुओ को एकजुट करने का कार्य कर रही है समाज की एकता के लिए हम सभी मिलकर एकजुट होकर कार्य करें इस अवसर पर कई नवीन सदस्यों को संगठन में जोड़कर सदस्यता दी गई बैठक में सरोज गोयल इंदिरा गोयल पुष्पा अग्रवाल वर्षा गोयल राधा अग्रवाल मीना गोयल शांति अग्रवाल आशा अग्रवाल प्रज्ञा अग्रवाल पूजा गोयल रश्मि अग्रवाल चंदा गुप्ता आयुषी गोयल अंजलि गोयल रीता अग्रवाल सहित महिला महासभा की सदस्य पदाधिकारी उपस्थित थी।

# सभी नगरीय निकाय शत-प्रतिशत लक्षित बालिकाओं का एच.पी.वी. टीकाकरण सुनिश्चित कराए-श्री चंद्रा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिले की सभी नगरीय निकायों में प्रचलित योजनाओं, निर्माण कार्यो एवं करो की वसूली की समीक्षा की गई। बैठक में सभी सीएमओं एवं उपयंत्री उपस्थित थे।

बैठक में सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र की शत-प्रतिशत लक्षित बालिकाओं का एच.पी.वी. वेक्सीनेशन सुनिश्चित करें तथा वार्ड प्रभारियों को लक्ष्य आवंटित कर वेक्सीनेशन कराए ।

बैठक में नगरीय निकायों में अमृत 2.0 के निर्माण कार्यो को समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए । परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया है कि प्रत्येक सप्ताह निर्माण कार्यो की समीक्षा करे। निर्माण कार्य की रिर्पोट बनाने हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद डीकेन को निर्देशित किया गया।

बैठक पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत प्रस्तुत प्रकरण में नगरपालिका नीमच द्वारा लक्ष्य से अधिक प्रकरण बैंको में प्रेषित करने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। शेष नगरीय निकाय को आगामी 10 में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि जो निकाय 10 दिन में लक्ष्य पूर्ण नही करते है तो उन मुख्य नगरपालिका अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए ।

प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के अन्तर्गत नगर परिषद सिंगोली को आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कराने तथा जिन नगरीय निकायों द्वारा आर.आर.सी. जारी कराई गई है उनको निर्देशित किया कि वसूली की कार्यवाही पूर्ण करे। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का कार्य अगले सप्ताह तक पूर्ण करे जो पात्र है उनको स्वीकृत करे जो अपात्र है उन्हे रिक्जेक्ट करे। बैठक में निर्देश दिए गए कि, सभी नगरीय निकाय नियमित रूप से सभी जल प्रदाय के स्त्रोतो की साफ सफाई कराए ।प्रत्येक मंगलवार को निकाय स्तर पर जल सुनवाई करे और पानी से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें।

# प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण गुलाना में आयोजित



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड शाजापुर के गुलाना स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समितियों को स्वावलंबन, जल संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं जन अभियान परिषद की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें अधिक सक्रिय और सक्षम बनाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के पूजन के साथ की गई। इस अवसर पर सेक्टर गुलाना की 5 प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं नवांकुर सखियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम की भूमिका- कार्यक्रम की भूमिका नवांकुर संस्था प्रतिनिधि श्री गोपाल चौहान द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा समितियों को सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से यह एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, ताकि समितियां ग्राम विकास के कार्यों में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।

अतिथि उद्बोधन- कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य श्री राजेश शर्मा ने स्वावलंबन विषय पर उपस्थित सदस्यों को प्रेरणादायक जानकारी देते हुए कहा कि यदि ग्राम स्तर पर लोग आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करें तो गांव का समग्र विकास संभव है।

परामर्शदाता श्री अशोक बैरागी ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम एवं प्रस्फुटन समितियों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि समाज में नेतृत्व क्षमता विकसित कर ग्रामीणों को विकास कार्यों में सहभागी बनाना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है।

ब्लॉक समन्वयक श्री बसंत रावत ने उपस्थित समिति सदस्यों को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, जनभागीदारी, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए समितियों को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

प्रमाण पत्र वितरण- कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन श्री अशोक बैरागी ने किया, जबकि आभार व्यक्त मनोहर हावड़िया द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं प्रमाण पत्र निर्माण हेतु विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित



**सुसनेर/गिरिराज बंजारिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, द्वारा दिव्यांग बच्चों 0 से 18 वर्ष के चिन्हांकन एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्माण के उद्देश्य से सिविल अस्पताल सुसनेर में सोमवार को विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान जिला मेडिकल बोर्ड के सदस्य डॉ. आर.एन. मालवीय, डॉ. राहुल गौड़, डॉ. चूड़ियार एवं डॉ. आलोक श्रीवास्तव द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी उप संचालक विजय चौरसिया तथा सामाजिक न्याय विभाग के शाखा प्रभारी निलेश झांसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर में डीडीआरसी कर्मचारियों द्वारा 40 दिव्यांग बच्चों का पंजीयन कर मेडिकल बोर्ड के माध्यम से परीक्षण कराया गया, जिससे उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र शीघ्र जारी किए जा सकें। शाखा प्रभारी निलेश झासिया ने बताया कि उच्च न्यायालय की जे.जे.सी. कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर जिले में रिवाइज्ड दिव्यांग शिविरों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में यह तृतीय शिविर आयोजित किया गया, जबकि चतुर्थ शिविर 17 मार्च 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नलखेड़ा में जिला मेडिकल बोर्ड की टीम के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

शिविर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, बी. आर .सी. से एमआरसी ओमप्रकाश पाटीदार, बीएसी मुकेश पालीवाल, जनपद पंचायत सुसनेर से एसएसओ भारत विजयपुरिया एवं लोकेंद्र जैन, नगर परिषद सुसनेर से शहजादी खान, जगदीश परमार, अक्षय ग्वाटिया सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुसनेर का चिकित्सकीय एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

# बदनावर में साध्वी ऋतंभरा का शंखनाद -तिरंगा सुरक्षा की गारंटी, संस्कार ही राष्ट्र की आत्मा

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अध्यात्म और राष्ट्रवाद की प्रखर आवाज, वात्सल्य मूर्ति परम पूज्य साध्वी ऋतंभरा (दीदी मां) का बदनावर प्रवास ऐतिहासिक रहा। स्थानीय कृषि उपज मंडी में आयोजित विशाल धर्मसभा में दीदी मां ने न केवल सनातन धर्म की अलख जगाई, बल्कि समाज को आईना दिखाते हुए संस्कारों और एकजुटता का पाठ भी पढ़ाया।



दुनिया भर में जारी युद्ध की विभीषिका का उल्लेख करते हुए साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि आज दुनिया एक-दूसरे को मिटाने में लगी है, लेकिन भारत वसुधैव कुटुंबकम् के मंत्र के साथ सबके कल्याण की सोचता है। उन्होंने गर्व के साथ कहा - विश्व में भारत की शक्ति इतनी बढ़ी है कि जिस जहाज पर हमारा तिरंगा लगा होता है, उस पर कोई देश मिसाइल गिराने की हिम्मत नहीं करता। यह तिरंगा केवल कपड़ा नहीं, हमारी सुरक्षा और स्वाभिमान की गारंटी है। धर्मसभा में दीदी मां ने समाज में बढ़ती ईर्ष्या और चुनौतियों पर बेबाकी से बात की। उन्होंने कहा कि समस्याओं से मुंह मोड़ने से समाधान नहीं निकलता। जैसे किसी रोग पर केवल पाउडर लगाकर उसे छुपाने से इलाज नहीं होता, उसे जड़ से समझकर उपचार करना पड़ता है, वैसे ही समाज के दोषों को दूर करना होगा। वही एक प्रसंग में केकड़ा प्रवृत्ति (एक-दूसरे को पीछे खींचना) पर चिंता जताते हुए कहा कि राष्ट की प्रगति के लिए हमें एक-दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़ना होगा। दीदी मां ने गिरते संस्कारों पर चिंता जताते हुए कहा कि आज ऊंची इमारतें और भौतिक समृद्धि तो बढ़ गई है, लेकिन बच्चों में संस्कारों की कमी दिख रही है। उन्होंने आह्वान किया कि मनुष्य जीवन स्थायी नहीं है, इसलिए इसे श्रेष्ठ विचारों और धर्म के मार्ग पर चलाकर ही सार्थक बनाया जा सकता है।

गौशाला और आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण - आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ दीदी मां के करकमलो से क्षेत्र में विभिन्न लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमे कानवन में 38 लाख की लागत से गौशाला का लोकार्पण किया। वही बदनावर के 67 लाख की लागत से बनने वाले 6 आंगनवाड़ी भवनों का भूमिपूजन किया।

साध्वी ऋतंभरा का इंदौर से बदनावर तक मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। दीदी मां ने बैजनाथ महादेव और प्राचीन देवी एकवीरा मंदिर में पूजन किया। वे अपने शिष्य संत सत्यश्रेयगिरी महाराज की माताजी से मिलने उनके निवास पर भी पहुँचीं। धर्मसभा में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, मनोज सोमानी, राजेश अग्रवाल, अमित जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि मुकेश मोलवा, प्रीतेश सिंह पंवार और योगेश पाटीदार ने किया। पूर्व उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने उन्हें पगड़ी पहनाकर अभिनंदन पत्र व तलवार भेंट की। बजरंग दल के लाखन सिंह जादौन ने उन्हें गदा भेंट की।

## कलेक्टर ने नवरात्रि पर्व पर माताजी टेकरी पर आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियों को लेकर किया निरीक्षण



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में चैत्र नवरात्र पर्व 19 मार्च से मनाया जाएगा। नवरात्र पर्व के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा माताजी टेकरी पर व्यापक तौर पर व्यवस्था/तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नवरात्रि पर्व पर माताजी की टेकरी पर की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियों को लेकर माताजी टेकरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, मेडिकल व्यवस्था, वाल पेंटिंग, साज सज्जा, विद्युत, साफ-सफाई व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कंट्रोल रूम से सभी सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने माताजी की पूजा अर्चना भी की। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एसडीएम अभिषेक शर्मा, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने कहा कि गर्मी का मौसम है, इसलिए पानी की जरूरत ज्यादा रहती है। टेकरी परिसर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिये पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि टेकरी परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार कि असुविधा ना हो। बड़ी माता और छोटी माता मंदिर परिसर में सुगमता से दर्शन के लिए अच्छे से प्रबंधन करें। दर्शनार्थियों को माताजी के दर्शन सुगमता और अच्छे से हों इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने टेकरी परिसर क्षेत्र में साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के निर्देश दिये।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सीढ़ी और शंख द्वार मार्ग पर बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लाइसेंस वालों को ही दुकान लगाने की अनुमति दे। अस्थाई दुकान नहीं लगने दें। कलेक्टर श्री सिंह ने माताजी टेकरी पर चल रही तैयायिरों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# निगम परिषद का बजट सर्व सहमति एवं ध्वनिमत से हुआ पारीत

### दिव्यांगजन पुनर्वास के लिए किया 50 लाख का प्रावधान– सभापति जैन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन सभापति रवि जैन की अध्यक्षता में तथा महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार की विशेष उपस्थिति में सोमवार 16 मार्च को निगम परिषद हाल में सम्पन्न हुआ।



राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ परिषद की कार्रवाई प्रारंभ हुई। सभापति की अनुमति से परिषद में वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट पारीत हेतु एवं परिषद की विगत बैठक के कार्यवृत्त कार्यो की पुष्टि की स्वीकृति, एमआईसी की स्वीकृति उपरांत किये जाने वाले विकास कार्य, निर्माण कार्यो, नागरिकों को निगम करों मे छूट के साथ अन्य विषयों का क्रमवार उपायुक्त एवं सचिव देवबाला पिपलोनिया के द्वारा वाचन किया।

सभापति रवि जैन की अनुमति से वित्त एवं लेखा विभाग समिती अध्यक्ष अंतिम अजय पडियार के द्वारा बजट का विस्तृत रूप से वाचन किया। जिसमें वर्ष 2026-27 का 765.58 करोड का बजट परिषद में स्वीकृति हेतु रखा गया। बजट को परिषद सदस्यो नें सर्व सहमति एवं ध्वनिमत से पारीत किया। पारीत बजट में शुद्ध बचत 24 लाख।

परिषद स्वीकृति हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषय-बजट में संपत्तिकर एवं जलकरदाताओं को 1 अप्रेल से 30 जून तक अग्रीम राशि जमा करने पर जलकर पर 6 प्रतिशत तथा संपत्तिकर पर 5 प्रतिशत छूट, बाजार बैठक वसुली का शुल्क पर पारित प्रस्ताव की स्वीकृति, मोती बंगला मेन रोड पर स्थित द्वार का नामकरण राकृष्ण द्वार के नाम के प्रस्ताव पर स्वीकृति, बालगढ स्थित चौराहे का नाम अटल चौक एवं बालगढ चौराहे से मीरा बावडी तक रोड का नामकरण पं. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से करने की स्वीकृति, भवन अनुज्ञा के स्वीकृत किये गये प्रकरणों में मलबा शुल्क में वृद्धि के प्रस्ताव की स्वीकृति, वार्ड 27 में दर्जी धर्मशाला मार्ग पर तोरण द्वार निर्माण के संबंध में, पोरवाल समाज के आराध्य देव राजा टोडरमल जी की प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति, वार्ड 29 एवं 40 में सामुदायिक भवन निर्माण के प्रस्ताव रखे गये रखे गये प्रस्तावों को परिषद सदस्यों ने ध्वनिमत से स्वीकृति दी।

महापौर द्वारा एमआईसी से पारीत प्रस्तावों में सभापति की अनुमति से सचिव के वाचन पश्चात रखे गये विषयों में गौशाला मे गौवंश के लिए भूसा/चारा, दवाईयां व अन्य संबंधित व्यवस्था के लिए राशि 1 करोड, गौशाला विस्तारण, विविध निर्माण, रखरखाव हेतु 3 करोड, दिव्यांगजन पुनर्वास स्थानीय निधि योजना अन्तर्गत दिव्यांगजनों को निगम द्वारा दी जाने वाली सुविधा उपकरण, उपचारित आर्थिक राशि के लिए 50 लाख का प्रावधान, जनस्वास्थ्य लाभ एवं बच्चों के लिए बगीचों में खेल उपकरण, चेनल फेंसिंग ट्रीगार्ड एवं गार्उन सौंदर्यिकरण के लिए राशि 1 करोड, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अन्तर्गत हितग्राहियों को किश्त अनुसार कुल राशि 56.73 करोड, निगम सीमा क्षेत्र के तालाबों को गहरीकरण, सौंदर्यिकरण, पुनर्भरण एवं संरक्षण कार्य के लिए 5 करोड, शहर के मुख्य मुक्तिधाम के साथ नोसराबाद आडाकांकड, ब्रहम्ण खेडा, कालूखेडी बिलावली में स्थित मुक्तिधामों के उन्नयन एवं रखरखाव, विकास कार्यो के लिए राशि 2 करोड के सभी रखे गये प्रस्तावों की सर्व सहमति से स्वीकृति परिषद ने दी।

अन्य विषयों में सभापति के द्वारा रखे गये प्रस्ताव में - वार्ड 28 स्टेशन रोड नूतन स्कुल के सामने समाजसेवी स्व.आशुतोष कुमार के नाम से द्वार निर्माण, गौमाता के मरणोपरांत गैस/विद्युत आधारित पशु शवदाह गृह निर्माण के प्रस्तावों को परिषद मे रखा गया। जो सदस्यों की सहमति से पारीत हुआ।

परिषद सदस्यों के द्वारा पुछे गये प्रश्नों के समिती अध्यक्षों व अधिकारियों ने दिए उत्तर

परिषद सदस्यों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर समिति अध्यक्ष द्वारा दिए गए। महत्वपूर्ण पत्र व्यवहार पर चर्चा की गई और एमआईसी से स्वीकृति के पश्चात परिषद से स्वीकृति हेतु रखे गये प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

नेता सत्तापक्ष मनीष सेन ने कचरा संग्रहण वाहन में सुधार एवं अधिक उंचाई वाले कचरा संग्रहण वाहनों में हेल्परों से कचरा संग्रहण करवाये जाने हेतु कहा।

बैठक मे परिषद सदस्यों के द्वारा पुछे गये प्रश्नों के उत्तर समिती अध्यक्षों के साथ महापौर, आयुक्त एवं अधिकारियो के द्वारा दिए सभापति श्री जैन ने बैठक के दौरान स्पॉट फाईन को लेकर आयुक्त से चर्चा की। चर्चा में चालानी कार्रवाई के दौरान व्यसायकों, डाक्टरों एवं सिनियर सीटीजनों एवं नागरिको से संयमता, सम्मानजनक व्यवहारिक व्यवहार करते हुए निगम अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्यों को पालन करने हेतु आयुक्त को कहा। सभापति ने परिषद सदस्यों के द्वारा पुछे गये प्रश्नों के अन्तर्गत अधिकारियो से मूलभूत सुविधा, जनसमस्याओं का निराकरण, समय सीमा में करवाये जाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं परिषद में सदस्यों से चर्चा के दौरान सभापति ने संपत्तिकर में 10 प्रतिशत एवं जलकर में 15 प्रतिशत के स्थान पर 10 प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव को पारीत किया।

प्रश्नों के उत्तर में महापौर ने बैठक में शिक्षा उपकर से आंगनवाडी केन्द्रों में संधारण कार्य करवाने एवं जिन वार्डो मे विकास कार्यो की गति धीमि है तथा जिन कार्यो की निविदा नहीं लगी है, परिषद सदस्यों की मांग पर कार्य मे गति लाने के साथ विकास कार्यो की निविदा लगाने एवं बिना भेदभाव से कार्य कराने का आश्वासन परिषद सदस्यों को दिया तथा नये मिनी ई– कचरा संग्रहण वाहन क्रय की निविदा लगाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये साथ ही 1 माह में नये शव वाहन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। परिषद बैठक का समापन राष्ट्रगान के सम्पन्न हुआ।

## समय प्रबंधन और अध्ययन-जीवन संतुलन विषय पर व्याख्यान आयोजित



**सुसनेर/ गिरिराज बंजारिया/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में प्राचार्य डॉ. जी. सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कार्य बल एन टी एफ के अंतर्गत समय प्रबंधन और अध्ययन-जीवन संतुलन विषय पर सोमवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग तथा पढ़ाई और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक लविश जैन ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यदि विद्यार्थी अपने दैनिक कार्यों की सही योजना बनाएं तो वे अध्ययन, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत जीवन के बीच बेहतर संतुलन स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने, प्राथमिकताएं तय करने और समय का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन काशीराम प्रजापति द्वारा किया गया एवं आभार एनटीएफ नोडल अधिकारी आकांक्षा श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने जनगणना हेतु मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण किया



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रथम चरण में (मकान सूचीकरण एवं मकान गणना) का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर नेहा मीना द्वारा ग्राम करड़ावद में मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा फील्ड सर्वेयर को निर्देशित किया गया कि मकानों की नंबरिंग इस प्रकार से की जाए कि वे आसानी से पठनीय एवं स्पष्ट हो। तहसीलदार श्री अनिल बघेल द्वारा बताया गया कि अनुभाग पेटलावद में मकान सूचीकरण का कार्य निरंतर जारी है तथा समय सीमा में उक्त कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रयासरत है। ज्ञात हो कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकान गणना) ̄ 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक। द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) ̄ फरवरी 2027 में जिसकी संदर्भ तिथि 01 मार्च 2027 को रात्रि 00 ̄00 बजे निर्धारित की गई है। जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला झाबुआ में 6 तहसीलों, 5 नगरीय निकाय एवं 821 ग्राम शामिल हैं, जिनमें जनगणना कार्य संपादित किया जा रहा है। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद सुश्री तनुश्री मीणा, तहसीलदार श्री अनिल बघेल, नायब तहसीलदार एवं अन्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया पेटलावद सिविल अस्पताल का निरीक्षण

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को जिले की चिन्हित शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर नेहा मीना ने पेटलावद सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर एचपीवी टीकाकरण अभियान की जानकारी लेकर पात्र बालिकाओं का टीकाकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारण कर टीकाकरण का कार्य पूर्ण करे।

बीएमओ डॉ. एम एल चोपड़ा द्वारा बताया गया कि आशा एवं एएनएम के माध्यम से पात्र बालिकाओं का टीकाकरण प्रतिदिन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन 45 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर नेहा मीना द्वारा टीकाकरण हेतु अस्पताल में उपस्थित बालिकाओं से संवाद किया गया तथा इनसे कहा कि आप स्वयं टीका लगवाये तथा अपने परिचित साथी बालिकाओं को वैक्सीन केलाभ बताएं एवं वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित करे ताकि बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। कलेक्टर द्वारा वैक्सीन लगवा चुकी बालिकाओं को डिजिटल टीकाकरण प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद सुश्री तनुश्री मीणा, तहसीलदार श्री अनिल बघेल, नायब तहसीलदार एवं अन्य उपस्थित रहे।

# सुसनेर सिविल अस्पताल में अव्यवस्थाओं का खुलासा, एसडीएम किरण बरवड़े का अचानक निरीक्षण

### मरीजो से किया संवाद, सफ़ाई व्यवस्था, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली व निर्माण की गुणवत्ता पर जताई नाराज़गी

**सुसनेर/गिरिराज बंजारिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित शासकीय सिविल अस्पताल सुसनेर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सुसनेर एसडीएम किरण बरवड़े अचानक निरीक्षण के लिए अस्पताल पहुंच गईं। दोपहर करीब डेढ़ बजे किए गए इस आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आ गई, जहां कई जगह अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का जायजा लिया। मरीजो से सीधा संवाद किया, सफ़ाई व्यवस्था देखी, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली व निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही पर कड़ी नाराज़गी जताई।



बिल्डिंग निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही- निरीक्षण के दौरान प्रसूति वार्ड व दवा वितरण में पानी लीकेज की समस्या सामने आई। नलों की टोटियां खराब व शौचालय में टूट फुट नजर आई। सिविल अस्पताल की नई बिल्डिंग निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही व खामिया देखने में आई। सीबीएमओ ने बताया की मेरे अटैचमेंट अवधि में मेरी गैर मौजूदगी में बिल्डिंग को हैंडओवर किया गया है। बिल्डिंग बनाने वाली एजेंसी पुलिस हाउसिंग बोर्ड को पत्र भेजकर कमियो की जानकारी दी गई है। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

सफाई वयवस्था पर जताई नाराजगी - वार्डो में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। कई जगहों पर मरीजों के पलंग पर बेडशीट तक उपलब्ध नहीं थी, जिससे मरीजों को काफी असुविधा हो रही थी। इन व्यवस्थाओं को देखकर एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों पर नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

मरीजो से सीधा संवाद कर देखी स्थिति - एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी सीधे संवाद किया और उनसे अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों में वितरण होने वाले भोजन की जानकारी ली। भोजन बनाने वालो से चर्चा में वेतन नही मिलने की बात भी सामने आई। मरीजों ने उपचार और अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर अपनी समस्याएं बताई। मरीजों की शिकायतें सुनने के बाद एसडीएम ने अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्थाओं में जल्द सुधार करने के निर्देश दिए।

कर्मचारियों की गैरमौजूदगी पर नाराजगी - एसडीएम के निरीक्षण में कर्मचारियों की गैरमौजूदगी व योग्यता के अनुरूप कार्य व्यवस्था नही होने की शिकायत भी सामने आई। चीफ बीएमओ डॉ. राजीव बरसेना द्वारा लापरवाही बरतने के मामले में तीन कर्मचारियों को पूर्व में ही कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए थे। साथ ही भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा नहीं हो, इसके लिए कर्मचारियों को सख्त हिदायत भी दी गई।

प्रसूति वार्ड में स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही - निरीक्षण में प्रसूति वार्ड में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गर्भवती महिलाओं के उपचार में लापरवाही, डॉक्टर के निर्देश का पालन, आवश्यक क्षेत्र में कैमरो का अभाव जैसी बातें सामने आई जिस पर एसडीएम स्वास्थ्यकर्मियों को फटकार लागते हुए मरीजों का प्राथमिकता से उपचार करने की हिदायत व कैमरे लगाने के निर्देश दिए।

अस्पताल प्रबन्धन को लगाई फटकार - एसडीएम ने अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि अस्पताल में साफ-सफाई, मरीजों के लिए जरूरी सुविधाएं और उपचार व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान पटवारी मोहित नागर सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन ग्राम पंचायत रायपुरिया, जनपद पंचायत पेटलावद में सफल आयोजन

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन एवं उपसंचालक श्री पंकज साँवले एवं जनपद सीईओ पेटलावद श्री गौरव जैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जनपद पंचायत पेटलावद, मेघनगर एवं थांदला क्षेत्र के कुल 154 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया एवं कलेक्टर नेहा मीना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत पेटलावद के अध्यक्ष श्री रमेश सोलंकी ने की।

मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने सभी नवदंपत्तियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए और सभी पात्र हितग्राहियों को इसका शत-प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने कहा कि विवाह, नव दम्पति के लिए नई जिम्मेदारी की शुरुआत तथा नव वधु के लिए परीक्षा की घड़ी होती है। विवाह पश्चात कन्या नव पारिवारिक वातावरण में जाती है अतः उसे घुलने मिलने के लिए पूरे परिवार का सहयोग चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कर्मचारियों की सराहना की।

## कोटयार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड को मेड्न बोर्ड पर माइग्रेशन/डायरेक्ट लिस्टिंग के लिए NSE और BSE से फाइनल लिस्टिंग और ट्रेडिंग की मंजूरी मिल गई है

कोटयार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 12 मार्च, 2026 से हस्थ लिमिटेड और BSE के मेन बोर्ड प्लेटफॉर्म पर अपने इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग और ट्रेडिंग के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज दोनों से फाइनल लिस्टिंग और ट्रेडिंग की मंजूरी मिल गई है, जो कंपनी की ग्रोथ जर्नी में एक अहम पड़ाव है।

कंपनी पहले NSE इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्टेड थी, और NSE लिमिटेड के मेन बोर्ड में यह माइग्रेशन, साथ ही BSE के मेन बोर्ड पर डायरेक्ट लिस्टिंग, कोटयार्कइंडस्ट्रीज लिमिटेड की लगातार तरक्की, ऑपरेशन के स्केल को बढ़ाने और शेयरहोल्डर वैल्यू बढ़ाने के कमिटमेंट को दिखाता है।

NSE लिमिटेड और BSE पर मेन बोर्ड लिस्टिंग से कंपनी की मार्केट विजिबिलिटी बढ़ने, इसके शेयरों में लिक्विडिटी बेहतर होने और इंस्टीट्यूशनल और रिटेल इन्वेस्टर्स से ज़्यादा भागीदारी होने की उम्मीद है। इस कदम से इंडियन कैपिटल मार्केट में कंपनी की मौजूदगी और मजबूत होगी और इसके भविष्य के ग्रोथ इनिशिएटिव्स को सपोर्ट मिलेगा।

लिस्टिंग पर कमेंट करते हुए, चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर गौरांग शाह ने कहा- "NSE लिमिटेड और BSE के मेन बोर्ड पर हमारे इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग और ट्रेडिंग की मंजूरी, कोटयार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ग्रोथ जर्नी में एक अहम पड़ाव है। यह अचीवमेंट कंपनी की ऑपरेशनल प्रोग्रेस और शेयरहोल्डर्स के लिए लॉन्ग-टर्म वैल्यू बनाने के हमारे कमिटमेंट को दिखाता है। हमारा मानना है कि मेन बोर्ड लिस्टिंग से कंपनी की विज़िबिलिटी बढ़ेगी और हमारा इन्वेस्टर बेस बढ़ेगा क्योंकि हम रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर फोकस करना जारी रखेंगे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# कनाडा में उज्जैन के युवक की दर्दनाक हत्या, मारपीट के बाद कार से कुचलकर ली जान

## सवा साल से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा था गुरकीरत सिंह, परिवार ने केंद्र व राज्य सरकार से शव भारत लाने की लगाई गुहार



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन के एक छात्र की कनाडा में हुई हत्या से शहर में शोक की लहर फैल गई है। देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ सिटी कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय गुरकीरत सिंह मनोचा की कनाडा में कुछ युवकों ने पहले मारपीट की और बाद में कार चढ़ाकर हत्या कर दी। गुरकीरत पिछले सवा साल से कनाडा में रहकर बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और कॉलोनी में मातम का माहौल बन गया।

बताया जा रहा है कि 14 मार्च को कनाडा के सेंट जॉन शहर में गुरकीरत अपने कॉलेज के कुछ साथियों के साथ बाहर गया था। इसी दौरान वहां कुछ युवकों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर कार चढ़ाकर उसकी हत्या कर दी। गुरकीरत नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज से पोस्ट डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम में बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा था और वहीं निवास कर रहा था।

घटना की जानकारी सबसे पहले गुरकीरत के एक दोस्त ने उसके बड़े भाई को फोन कर दी। इसके बाद परिवार को इस दर्दनाक घटना का पता चला। परिवार और समाजजन अब केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द गुरकीरत का पार्थिव शरीर उज्जैन लाया जाए, ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। बताया जा रहा है कि विदेश में कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को भारत भेजने में लगभग दो सप्ताह का समय लग सकता है।

परिजनों का कहना है कि वे लगातार प्रशासन और सरकार से संपर्क में हैं। स्थानीय समाजजन और कॉलोनी के लोग भी परिवार को सांत्वना देने उनके घर पहुंच रहे हैं। फिलहाल सभी की नजर इस बात पर है कि जल्द से जल्द शव उज्जैन लाया जा सके और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

# 24 घंटे में दिन के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट, फिर भी पार 35 डिग्री से ऊपर

## आज से और गिरेगा तापमान, गर्मी से मिलेगी राहत



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के तापमान में एक बार फिर उतार-चढ़ाव का दौर शुरू हो चुका है। कल दिन के पारे में जहां गिरावट दर्ज की गई, वहीं रात का तापमान भी नीचे आया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आज से दिन के साथ ही रात के भी तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी, जो पूरे सप्ताह जारी रहेगी।

वेधशाला स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक कल दिन का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा लेकिन परसों की अपेक्षा 2 डिग्री कम था। पिछले कुछ दिनों में पहली बार कल दिन के तापमान में यह कमी दर्ज की गई है। वहीं रात से सुबह के बीच न्यूनतम तापमान 16 डिग्री रहा, यह सामान्य से 2 डिग्री और कल की अपेक्षा 0.2 डिग्री कम था। इस दौरान हवाओं की दिशा पश्चिमी और दक्षिण पश्चिम रही। हवाओं की अधिकतम रफ़्तार 39 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि कल से ही दिन के तापमान में कमी आना शुरू हो गई है। यह आज से अगले कुछ दिनों तक लगातार जारी रहेगी। इसके साथ ही आज से रात के तापमान में भी कमी देखने को मिलेगी। इस सप्ताह के अंत तक हल्की बारिश भी देखने को मिल सकती है। अभी दिन का तापमान जहां 37 से 38 डिग्री और रात का 16 से 17 डिग्री तक जा रहा है, वह अगले कुछ दिनों में गिरकर 29 से 30 डिग्री और 12 से 13 डिग्री तक का सकता है।

# राज्यपाल श्री पटेल और सीएम डॉ. यादव आज आएंगे उज्जैन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव आज 17 मार्च को उज्जैन दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री शिप्रा विहार क्षेत्र में बनने वाले गीता भवन का भूमिपूजन भी करेंगे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी के तहत कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, मंच, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग सहित सभी जरूरी इंतजाम समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल और मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके और किसी को असुविधा न हो। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट, उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक जानकारी भी दी।

# आपदा में अवसर... गैस सिलेंडर लेने पहुंच रहे उपभोक्ताओं पर जबरन नली खरीदने का दबाव

## कई गैस एजेंसियों ने 200 रुपए की चूल्हा नली लेना किया अनिवार्य, उपभोक्ताओं में नाराजगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच तनाव के चलते गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने की चर्चा के बीच शहर में गैस सिलेंडर को लेकर नई समस्या सामने आ रही है। कई गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर देने से पहले जबरन गैस चूल्हे की नली खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

मक्सी रोड स्थित एक गैस एजेंसी पर ऐसा ही मामला सामने आया, जहां सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं से पहले 200 रुपए की गैस चूल्हा नली खरीदने को कहा गया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी संचालक सिलेंडर देने से पहले नली खरीदना अनिवार्य बता रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे लंबे इंतजार के बाद नंबर आने पर सिलेंडर लेने पहुंचे और अपने साथ 972 रुपए की राशि लेकर आए थे, लेकिन एजेंसी पर उन्हें बताया गया कि पहले गैस चूल्हे की नली खरीदनी पड़ेगी, उसके बाद ही सिलेंडर दिया जाएगा। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले ही नई नली खरीदी है और वह पूरी तरह ठीक भी है, फिर भी एजेंसी संचालक जबरन 200 रुपए में नली देने का दबाव बना रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि संकट के समय में एजेंसी संचालक आपदा को अवसर में बदलकर उपभोक्ताओं से अतिरिक्त राशि वसूलने का प्रयास कर रहे हैं। उपभोक्ताओं ने जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक और कलेक्टर से मांग की है कि इस प्रकार की मनमानी पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# देवास रोड स्थित वाइन शॉप में देर रात लगी आग... फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास रोड स्थित अभिलाषा कॉलोनी के पास एक वाइन शॉप में सोमवार तडक़े करीब 3 बजे आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार वाइन शॉप में अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही नगर निगम की दो दमकल गाडिय़ां मौके पर रवाना की गईं। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। नगर निगम फायर अधिकारी एलपी साहू ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इस घटना में वाइन शॉप में रखा डीप फ्रीजर और एक अन्य फ्रीज क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं उसमें रखा सामान भी प्रभावित हुआ है। फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आसपास की दुकानों और क्षेत्र में बड़ा नुकसान होने से बच गया।

# देशी-विदेशी शराब के साथ पकड़ाया कार चालक

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देशी विदेशी शराब के साथ पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 1.30 लाख रुपए कीमत की शराब बरामद हुई है। चालक को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। अवैध शराब से जुड़े कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

भाटपचनाना थाना पुलिस ने बताया कि रविवार सोमवार रात सूचना मिली थी कि कार में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। कार बड़नगर की ओर आने वाली है। सूचना पर पुलिस ने रुणीजा चौपाटी पर नाकाबंदी की और रात 1ः30 बजे के लगभग कार क्रमांक एमपी 43 झेड़जी 5449 को रोक तलाशी ली जिसमें से आर.सी. व्हीस्की की 60 बोतल, आर.सी. व्हीस्की के कुल 144 क्वार्टर व चार पेटी देशी प्लेन शराब के 200 क्वार्टर कुल 106 बल्क लीटर देशी-विदेशी शराब बरामद हो गई। पुलिस के अनुसार चालक को हिरासत में लेकर क इको कार जप्त की गई शराब की कीमत 1लाख 30 हजार रुपए होना सामने आई है कार 6 लाख की है। चालक से पूछताछ में उसका नाम प्रेमसिंह उर्फ पिन्टू पिता जीवन लाल बंजारा निवासी ग्राम सिमलावदा थाना बिलपांक जिला रतलाम है। जिसे न्यायालय में भेज कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि कुछ और आरोपियों की अवैध शराब मामले में गिरफ्तारी हो सकती है।

# गैस सिलेण्डर की कमी... कई होटल और रेस्टोरेंट होने लगे प्रभावित

## सरकार से होटल उद्योग को आवश्यक सेवाओं में शामिल करने की मांग के बीच मेन्यू को सीमित करने और गैस बचाने के उपाय सुझाए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देशभर में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर लगी रोक का असर अब होटल और रेस्टोरेंट कारोबार पर दिखने लगा है। अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को छोडक़र अन्य व्यावसायिक संस्थानों को कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने के कारण उज्जैन सहित मध्यप्रदेश में कई होटल और रेस्टोरेंट प्रभावित हो गए हैं। शहर में कई छोटे-बड़े होटल और रेस्टोरेंट अस्थायी रूप से बंद हो चुके हैं, जबकि चाय नाश्ते के ठेले भी सिलेण्डर नहीं मिलने के कारण बंद होने लगे हैं।

स्थिति को देखते हुए होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया (एमपी चेप्टर) और मध्यप्रदेश होटलियर्स एसोसिएशन ने सदस्य होटलों और रेस्टोरेंट के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें गैस की संभावित कमी के बीच संचालन जारी रखने के लिए किचन प्रबंधन और गैस उपयोग को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी ने कहा है कि ऊर्जा आपूर्ति शृंखला में बनी अनिश्चित स्थिति के कारण कमर्शियल एलपीजी की उपलब्धता रुक गई है। ऐसे में होटल उद्योग को ईंधन बचत के साथ उपयोग की जरूरत है, ताकि अतिथि सेवाएं प्रभावित न हों।

होटलों व रेस्टोरेंट के मेन्यू बदले- गाइडलाइन में होटल संचालकों को अपने मेन्यू की समीक्षा करने और ऐसे व्यंजनों को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है, जो कम समय में तैयार हो जाते हैं, वहीं लंबे समय तक धीमी आंच पर पकने वाले व्यंजनों को फिलहाल सीमित रखने की बात कही गई है। इसे देखते हुए ज्यादातर होटल अपने मेन्यू सीमित भी कर चुके हैं।

हजारों लोगों की रोजी रोटी पर संकट- होटल तथा रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि यदि कमर्शियल गैस की आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई तो शहर के सैकड़ों छोटे-बड़े होटल-रेस्टोरेंट बंद हो जाएंगे। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। इससे हजारों कर्मचारी बेरोजगार भी हो सकते हैं, साथ ही पर्यटन उद्योग भी ठप हो सकता है।

### एडवाइजरी के प्रमुख बिंदु

कम समय में बनने वाले व्यंजनों को प्राथमिकता दें

लंबे समय तक धीमी आंच पर पकने वाले व्यंजन सीमित रखें

उपयोग में न होने पर बर्नर और पायलट फ्लेम बंद रखें

प्रेशर कुकिंग और ढक्कन लगाकर खाना पकाएं

दाल और अनाज को पहले से भिगोकर रखें

छोटे बैच के बजाय योजनाबद्ध तरीके से बड़े बैच में भोजन तैयार करें

# 25 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें- कलेक्टर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने 25 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी एक अप्रैल से शत प्रतिशत उर्वरक वितरण का कार्य ई-टोकन के माध्यम से किया जाएगा।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निवारण की ब्लॉकवार और विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण व बड़नगर, सीईओ जनपद तराना को सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए और नॉन अटेंडेंट शिकायत रहने पर विभागीय कार्यवाही की चेतावनी जिला अधिकारियों को दी।

बैठक में खाद्य आपूर्ति विभाग की जिला अधिकारी को निर्देश दिए कि घरेलू सिलेंडर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग ना हो यह सुनिश्चित किया जाए, उक्त कार्य करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें।

कालाबाजारी और तय मूल्य से अधिक दरों पर सिलेंडर बेचने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही करें। गैस एजेंसी संचालकों और संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर गैस आपूर्ति उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने रबी उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# शराब की बोतल छुपाई तो बक्के से काटा गला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शराब की बोतल छुपाने से गुस्सा हुए युवक ने अपना गला काट लिया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मामला सुसनेर के परसोलिया गांव का है जहां से रात में संजय पिता नारायण 30 साल को घायल हालत में उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया था। इस दौरान परिजनों ने बताया कि संजय जेसीबी चलाता है और शराब पीने का आदी है। रविवार को भी नशा कर घर लौटा था साथ में शराब की बोतल लाया था। संजय द्वारा घर में भी शराब पी जा रही थी इस दौरान परिजनों ने उसकी शराब की बोतल छुपा दी थी। इसी बात से गुस्सा होकर संजय ने पहले घर में वाद विवाद किया और बाद में बक्का उठाकर खुद का गला काट लिया। स्थानीय कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार मामला सुसनेर का होने पर संबंधित थाना पुलिस द्वारा जांच की जाएगी।

# पाटपाला में दो पहिया सवार दंपति को डंपर ने मारी टक्कर



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भतीजे के फांसी लगाने की खबर मिलने पर गमी में शामिल होने जा रहे वृद्ध दंपति को रास्ते में डंपर चालक ने कुचल दिया। दुर्घटना में पत्नी की मौत हो गई पति गंभीर रूप से घायल हुआ है।

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम पाटपाला शराब दुकान के सामने टीवीएस एक्सएल पर सवार बुजुर्ग दंपत्ति को डंपर चालक ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची इस दौरान सामने आया कि पत्नी की मौत हो चुकी है पति घायल है दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया और जानकारी जुटा गई तो मृतक पत्नी का नाम चंदाबाई कुसमरिया 52 वर्ष और घायल पति का नाम रतन कुसमरिया 55 वर्ष निवासी सिद्धिपुर निपानिया तहसील तराना होना सामने आया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि चंदा बाई के भतीजे जीवन में रविवार दोपहर ग्राम नरवर स्थित अपने घर पर फांसी लगा ली थी। उसकी मौत होने पर चंदाबाई और पति रतनलाल दोनों गमी में शामिल होने के लिए मानपुरा नरवर जा रहे थे। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद चंदाबाई का शव परिजनों को सोपा। वही डंपर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। परिजनों के अनुसार मृतक चंदाबाई के भतीजे जीवन पिता तेजू लाल धौलपुरे ने रविवार को सुसाइड नोट लिखने के बाद फांसी लगाई थी। जिसमें लिखा था कि मेरे बेटे को राखी बांधने वाली महिला भूरी पति राहुल ने मेरा घर बर्बाद कर दिया है। कुछ दिन पहले उसने मेरी बेटी को लखन नायक के साथ भगवा दिया था। मेरी समाज में काफी बदनामी हुई है इसलिए यह कदम उठा रहा हूं।

# 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाये पंचायत सचिव और ठेकेदार

## लोकायुक्त टीम ने कायथा में की कार्यवाही, पूर्व में ले चुके थे 15 हजार



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को कायथा में रिश्वत लेते ग्राम पंचायत बोरदा मांडा के सचिव और ठेकेदार को रंगेहाथ पकड़ा। दोनों पूर्व में 15 हजार की रिश्वत ले चुके थे। पंचायत सचिव ने 45 हजार की डिमांड की थी। लोकायुक्त ने दूसरी किश्त के 30 हजार के साथ गिरफ्तार किया है।

लोकायुक्त निरीक्षक दीपक शेजवार ने बताया कि 12 मार्च को ग्राम बोरदा मांडा के सरपंच राजेश चतुर्वेदी द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि कि उसके द्वारा ग्राम पंचायत बोरदा मांडा में निर्माण कार्य करवाए गए हैं किंतु ग्राम पंचायत सचिव दरबार सिंह राठौड़ द्वारा उनकी स्वीकृति के लिए 45 हजार रु की रिश्वत की मांग की जा रही हैं। 15000 रु. पूर्व मे ले लिए है। शिकायत की तस्दीक की गई जो सही पाई गई। सोमवार को लोकायुक्त की टीम ग्राम पंचायत सचिव को रंगे हाथ पकड़ने के लिए कायथा पहुंची। जहां शिकायतकर्ता राजेश चतुर्वेदी को रिश्वत की शेष राशि 30 हजार लेकर ग्राम पंचायत सचिव के पास भेजा गया। जहां पंचायत सचिव द्वारा रिश्वत की राशि लेकर अपने साथी ठेकेदार कमल बंजारा को दे दी। दोनों के रिश्वत लेते ही लोकायुक्त टीम ने दबिश मारी और पंचायत सचिव के साथ उसके साथी ठेकेदार को पकड़ लिया। रिश्वत लिए जाने की प्रक्रिया में उनके हाथ धुलवाए गए जिससे रिश्वत का रंग सामने आ गया। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज कर जमानत रिहा किया गया है। जल्दी मामले में अभियोग पत्र विशेष न्यायालय में पेश किया जाएगा। पंचायत सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए भी संबंधित विभाग को पत्र भेजा जाएगा। निरीक्षक शेजवार के अनुसार रिश्वत लेने वालों को पकड़ने में उनके साथ आरक्षक श्याम शर्मा, संजीव कुमारिया, इसरार सहायक ग्रेड 3 रमेश डाबर व पंच साक्षी सहित 10 सदस्यों का दल शामिल था।

# साली ने कुल्हाड़ी से जीजा पर किया हमला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार देर शाम साली ने कुल्हाड़ी से अपने जीजा पर हमला कर दिया। घायल जीजा को अस्पताल लाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नील गंगा थाना क्षेत्र के अक्षय नगर में रहने वाले गोकुल पिता सिद्धनाथ 52 साल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। गोकुल का एक हाथ बुरी तरह जख्मी था। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने चोट की वजह पूछी तो सामने आया कि गोकुल पर घर के पास रहने वाली साली रुकमाबई ने कुल्हाड़ी से हमला किया है। मामला विवाद का होने पर पुलिस को सूचना दी गई। दौरान सामने आया की पांच माह पहले गोकुल की बेटी घर छोड़कर भाग गई थी। दीवार में उसकी तलाश की और पुलिस को सूचना दी लेकिन अब तक कुछ पता नहीं चला था। इस बीच रविवार को रुकमाबाई ने गोकुल की छोटी बहू से घर छोड़कर भागी बेटी के दस्तावेज मांगे। रुकमा के दस्तावेज मांगने पर शंका हुई की उसने ही बेटी को घर से किसी के साथ भगवाया है। इस बात की जानकारी लगने पर गोकुल घर के समीप रहने वाली साली रुकमा के घर पहुंचा और पूछताछ करने लगा इस दौरान विवाद होने पर रुकमा ने कुल्हाड़ी से हमला किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है रुकमा को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।

# भट्टे पर काम करने वाले युवक ने लगाई फांसी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भट्टे पर काम करने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आ पाई है। नरवर थाना क्षेत्र के बलाई मोहल्ला में रहने वाले धर्मेंद्र पिता रमेश परमार 32 वर्ष में रविवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। प्रेमबाई ने उसे फंदे पर लटका देखा तो आसपास के लोगों को सूचना दी। अरे मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और धर्मेंद्र का शव फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया की ईंट भट्टे पर काम करता था उसने फांसी क्यों लगाई है उसकी वजह पता नहीं है। नरवर पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है जांच शुरू कर परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

# कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को अचल संपत्तियों की दरें निर्धारित करने के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा एवं अन्य समिति के सदस्य भी शामिल हुए। इसके अलावा तहसील उज्जैन के समस्त राजस्व अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समिति उज्जैन, बडनगर, महिदपुर, नागदा, खाचरौद, तराना एवं घट्टिया के वर्ष 2026-27 के लिए प्राप्त नई दरों के प्रस्तावों की समीक्षा एवं विश्लेषण किया गया।



वरिष्ठ जिला पंजीयक श्रीमती ऋतंभरा द्विवेदी द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 4353 लोकेशन हैं, जिनमें 3229 लोकेशनों की दरों में वृद्धि किये जाने के निर्देश दिये गए। इनमें शहरी क्षेत्र में 1665 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1564 लोकेशन में वृद्धि की जा रही है। तहसील उज्जैन के 1189, बडनगर 321, महिदपुर 346, नागदा 310, खाचरौद 356, तराना 507 एवं घट्टिया में 200 लोकेशन की दरों में वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव अनुमोदित किए गए।

जानकारी दी गई कि जिले में गाईड लाईन में कुल वृद्धि शहरी क्षेत्र में 12.96 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 21.38 हुई है। इस प्रकार जिले में 17.18 प्रतिशत औसत वृद्धि की जा रही है। जिले में 100 एवं 100 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के क्षेत्रों की संख्या 33 है, जो कि रत्नाखेडी, जमालपुर, कुँवारिया, दताना, कोलूखेडी, मंगरोला, लिम्बापिपलिया, द तिरूपति ग्राण्ड कॉलोनी, महालोक डिपो तराना, प्रकाश नगर, जवाहर मार्ग नागदा आदि है। इसके अतिरिक्त ग्राम चिंतामण जवासिया, ग्राम मंगरोला, जीवनखेडी, शंकरपुर, ताजपुर, धतरावदा, देवराखेडी, कथारिया, देवरखेडी, बोद्धानी, नरवर, दताना, मत्तानाकलां, रत्नाखेडी, पालखेडी एवं सिंहस्थ / ग्रीन बेल्ट क्षेत्र के ग्रामों आदि में भी वृद्धि की गयी है।

उज्जैन तहसील के शहरी क्षेत्र में अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी, तिरूपति ग्राण्ड, तिरुपति विस्टा, रूद्रांश एवेन्यू, महालक्ष्मी नगर, वी.डी.एस. प्राईम परिसर, दशहरा मैदान, वजीर पार्क, ग्रेण्ड रतन एवेन्यू, दवा बाजार, महाकाल मार्ग, आदि में वृद्धि की गयी हैं। जिले में 40 नवीन कॉलोनी/लोकेशन को जोड़ा गया है, जिसमें तहसील उज्जैन की 29 कॉलोनी सम्मिलित है इनमें (शिवांश सिग्नेचर, तिरूपति सिलिकॉन सिटी, मनी विहार गोल्ड, श्री सांवरिया ड्रिम्स, गौतम विहार, द ग्रीन सिटी कॉलोनी आदि) उज्जैन एवं उज्जैन के आसपास ग्रामों में व्यापक स्तर पर लगभग 50 से 100 प्रतिशत कृषि भूमि की दरों में वृद्धि की गयी है, जिसमें ग्राम नरवर में लगभग 74 प्रतिशत, पिपलौदा द्वारकाधीश 67 प्रतिशत, जीवन खेडी 36 प्रतिशत, निनौरा 25 प्रतिशत, दताना सड़क 150 प्रतिशत, मतानाकलों 67 प्रतिशत वृद्धि की गयी। इस प्रकार जिला उज्जैन की 4363 लोकेशन में से 3229 लोकेशन में कमशः 0-30 में 2796, 30-50 में 277, 50-100 में 139 एवं 100 से अधिक में 17 लोकेशनों में समिति द्वारा वृद्धि केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को अनुशंसित की गयी है।

बाजार मूल्य की गाईड लाईन वर्ष 2026-27 की अंतिम दरों में आमजनता के सुझाव आमंत्रित किए गए है। आमजन आपत्तियां / सुझाव आगामी 22 मार्च तक तहसील एवं वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय में शाम 6ः00 बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके बाद अंतिम